दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली । शनिवार 14 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 80 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## आज गाजियाबाद में जे.पी. नड्डा का स्वागत कार्यक्रम

### इनमांटेक कॉलेज के सामने एनएच-9 पर सुबह 8 बजे होगा कार्यक्रम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के गाजियाबाद आगमन पर आज सुबह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एनएच-9 स्थित इनमांटेक कॉलेज के सामने सुबह 8 बजे प्रस्तावित है। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की भी उपस्थिति रहने की जानकारी दी गई है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा जारी संगठनात्मक सूचना में पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। सूचना के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र होकर नेताओं का स्वागत करेंगे।

## 'भाजपा की डबल इंजन सरकार, असम के तेज विकास के लिए काम कर रही', गुवाहाटी में बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान खराब मौसम की वजह से उनके कार्यक्रम में अचानक बदलाव करना पड़ा। प्रधानमंत्री का आज कोकराझार जाने का कार्यक्रम तय था, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया, जिसके बाद पीएम गुवाहाटी पहुंचे। अधिकारियों के मुताबिक इलाके में खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी गुवाहाटी से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है। मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं।यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें से 1,100 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि बोडोलैंड की सड़कों के लिए खर्च होने जा रही है। 'असम माला अभियान' के तीसरे चरण से असम की रोड़ कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी। इससे पहले, पीएम मोदी ने 3,200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली एक प्रमुख सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना 'असम माला 3.0' की शुरूआत की। इस योजना के तहत, अंतर-राज्यीय संपर्क को बेहतर बनाने और राष्ट्रीय राजमार्गों व ग्रामीण सड़कों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए असम भर में 900 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) क्षेत्र में लगभग 1,100 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित छह सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें चार फ्लाईओवर और दो पुल शामिल हैं।

इन परियोजनाओं से कोकराझार जिले में यातायात जाम कम करने और संपर्क, पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण आवागमन में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

## गैस सिलेंडर को लेकर अधिकारी कह रहे हालात सामान्य

## पर एजेंसियां और जनता बता रही अलग कहानी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खाड़ी देशों में जारी युद्ध और पश्चिम एशिया की अस्थिरता के बीच गैस आपूर्ति को लेकर देशभर में चर्चाएं तेज हैं, वहीं इसका असर अब गाजियाबाद में भी साफ दिखाई देने लगा है। शहर के कई इलाकों में शुक्रवार को गैस एजेंसियों के बाहर भारी भीड़, हंगामा और अव्यवस्था का माहौल देखने को मिला। एक तरफ अधिकारी बार-बार दावा कर रहे हैं कि गैस की कोई कमी नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, वहीं दूसरी तरफ एजेंसी संचालक, कर्मचारी और आम उपभोक्ता बिल्कुल अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं। शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लग गई। कहीं सिलेंडर खत्म होने की बात कही जा रही है, कहीं बुकिंग नहीं हो रही, तो कहीं सर्वर डाउन होने का हवाला देकर लोगों को वापस भेजा जा रहा है। कई जगहों पर एजेंसी के काउंटर बंद कर दिए गए और गोदामों पर ताले लटकते नजर आए, जिससे लोगों में और ज्यादा नाराजगी फैल गई।

### अधिकारियों का दावा, घबराएं नहीं, गैस की कोई कमी नहीं

प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है और लोगों को किसी प्रकार की घबराहट या पैनिक फैलाने की जरूरत नहीं है। एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर ने एक वीडियो जारी कर गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट का माहौल न बनने दें। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई लगातार जारी है। यदि कहीं भी भीड़ या विवाद की स्थिति बनती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। वहीं जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड ने भी कहा कि गाजियाबाद में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ तकनीकी और प्रक्रिया से जुड़े कारणों की वजह से लोगों को परेशानी हो सकती है, लेकिन कालाबाजारी या कृत्रिम कमी जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### शहर के कई इलाकों में दिखी अव्यवस्था

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को विजयनगर, साहिबाबाद, लोनी, मोदीनगर, मसूरी और कविनगर समेत कई इलाकों में गैस एजेंसियों के बाहर भीड़ और हंगामे जैसी स्थिति देखी गई। कई जगहों पर लोगों ने आरोप लगाया कि घंटों लाइन में लगने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। कुछ जगहों पर एजेंसी कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच कहासुनी भी हुई। सोशल मीडिया पर भी गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें, बंद काउंटर और खाली गोदामों के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है।



### एजेंसी कर्मचारियों की दलील सप्लाई आ रही, लेकिन मांग बहुत ज्यादा

**करंट क्राइम :** जब इस पूरे मामले की पड़ताल की गई तो गैस एजेंसियों पर काम करने वाले कर्मचारियों और स्टाफ ने भी अपनी परेशानी बताई। कर्मचारियों का कहना है कि सिलेंडर की सप्लाई आ तो रही है, लेकिन पहले जहां 21 दिन में सिलेंडर मिल जाता था, अब 25 दिन या उससे ज्यादा का समय लग रहा है। इसके अलावा ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं और कई उपभोक्ताओं का केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण भी बुकिंग अटक रही है। एजेंसी स्टाफ का कहना है कि हाल के दिनों में अचानक डिमांड काफी बढ़ गई है। कई लोग एक साथ बुकिंग कराने पहुंच रहे हैं, जिससे काउंटर पर दबाव और अव्यवस्था की स्थिति बन रही है।

### जनता का सवाल, अगर सब सामान्य है तो लाइनें क्यों?

करंट क्राइम : सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि यदि प्रशासन के अनुसार स्थिति सामान्य है तो शहर भर में एजेंसियों के बाहर इतनी भीड़ और अव्यवस्था क्यों दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि अधिकारी लगातार आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा और बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गाजियाबाद जैसे बड़े शहर में गैस आपूर्ति को लेकर बढ़ती भीड़ और अफरा-तफरी प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती बनती जा रही है। यदि जल्द ही व्यवस्था को सुचारू नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। फिलहाल अधिकारी लगातार यह कह रहे हैं कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन जमीन पर दिखाई दे रही भीड़ और लोगों की परेशानी यह संकेत दे रही है कि गैस सप्लाई की व्यवस्था को लेकर प्रशासन को और ज्यादा सख्त और पारदर्शी कदम उठाने होंगे।

## अव्यवस्था पर बरसे उपभोक्ता

### सर्वर डाउन का बहाना और घंटों का इंतजार



पूनम



सुशील



शांतनु



लोकेश

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद की गैस एजेंसियों पर केवाईसी अपडेट कराने को लेकर हाहाकार मचा है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। पूनम ने कहा कि मैं पिछले तीन दिनों से लगातार चक्कर काट रही हूं। घर का सारा काम छोड़कर सुबह 9 बजे लाइन में लग जाती हूं, लेकिन जब नंबर आता है तो कहा जाता है कि आज का कोटा पूरा हो गया या सर्वर नहीं चल रहा। चूल्हा फूंकना मुश्किल हो गया है, पर प्रशासन को हमारी तकलीफ नहीं दिख रही। सुशील दो-दो घंटे खड़े रहना संभव नहीं है। एजेंसी वाले कोई सही जानकारी नहीं देते। कभी कहते हैं अंगूठा मैच नहीं हो रहा, तो कभी कागजों में कमी बता देते हैं। केवाईसी के नाम पर आम आदमी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। शांतनु ने बताया कि ऑफिस से छुट्टी लेकर काम कराने आता हूं, लेकिन यहाँ का सिस्टम पूरी तरह फेल है। डिजिटल इंडिया की बात होती है, लेकिन एक केवाईसी के लिए हजारों लोग सड़क पर खड़े हैं। अगर ऑनलाइन बुकिंग और वेरिफिकेशन की सुविधा सही से काम करती, तो हमें यहाँ धक्के नहीं खाने पड़ते। लोकेश ने बताया कि सर्वर डाउन होना अब एक स्थाई बहाना बन चुका है। लोग सुबह अंधेरे में आकर लाइन लगा लेते हैं, फिर भी शाम को खाली हाथ लौटते हैं। न गैस मिल रही है और न ही कागजी काम पूरा हो पा रहा है। गैस एजेंसी के बाहर बुनियादी सुविधाओं जैसे पानी या बैठने तक का इंतजाम नहीं है।

## गाजियाबाद नगर निगम में फर्जी हस्ताक्षर का मामला

## बाबू को किया गया निलंबित, दफ्तर में मचा हड़कंप




### अब कई फाइलों की होगी क्रॉस-चेकिंग

करंट क्राइम :नगर निगम के सूत्रों के मुताबिक अब निगम के कई विभागों में पुरानी फाइलों और दस्तावेजों की क्रॉस-चेकिंग कराई जा सकती है। अधिकारियों को यह भी आशंका है कि यदि एक मामले में फर्जी हस्ताक्षर पाए गए हैं तो इससे पहले भी अन्य फाइलों में गड़बड़ी हो सकती है। नगर निगम के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस कार्रवाई के बाद कई बाबू और कर्मचारी टेंशन में आ गए हैं, क्योंकि अब उनके द्वारा तैयार की गई फाइलों की भी जांच हो सकती है। कुछ विभागों में रिकॉर्ड और नोटशीट की दोबारा समीक्षा शुरू होने की चर्चा है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में फाइलों पर फर्जी हस्ताक्षर किए जाने के गंभीर मामले में एक बाबू को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह बाबू निगम के बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण अनुभाग में तैनात था। मामले की भनक लगते ही नगर निगम में हड़कंप मच गया और कई कर्मचारियों-अधिकारियों की फाइलें भी अब जांच के दायरे में आ सकती हैं। जानकारी के अनुसार किसी महत्वपूर्ण फाइल पर बाबू द्वारा कथित तौर पर फर्जी हस्ताक्षर किए जाने की शिकायत सामने आई थी। मामला जब निगम मुखिया तक पहुंचा तो उन्होंने तत्काल अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद कार्रवाई की सिफारिश की गई। सूत्र बता रहे हैं कि इसके बाद नगर आयुक्त गाजियाबाद ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित बाबू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। नगर आयुक्त के स्तर से की गई इस कार्रवाई के बाद पूरे नगर निगम दफ्तर में हलचल तेज हो गई है।

### पहले भी सख्त कार्रवाई कर चुके हैं नगर आयुक्त

करंट क्राइम : नगर निगम में अनियमितताओं के मामलों में सख्ती बरतते हुए नगर आयुक्त पहले भी कर्मचारियों पर कार्रवाई कर चुके हैं। पूर्व में भी अनियमितता और गड़बड़ी मिलने पर कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है, जिससे निगम प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया गया था। नगर निगम में फर्जी हस्ताक्षर का यह मामला सामने आने के बाद पूरे शहर के प्रशासनिक हलकों में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि जांच में और किन-किन फाइलों या कर्मचारियों के नाम सामने आते हैं।

### कई विभागों में बढ़ी अटेंशन

जिस तरीके से बाबू के द्वारा फर्जी साइंस का मामला नगर निगम गलियारे में सामने आया है। उसके बाद नगर निगम गाजियाबाद के कई अलग-अलग कार्यालयों में तैनात बाबुओं पर अधिकारियों की नजरे उठ रही हैं। नगर निगम के सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई अन्य बाबू भी अधिकारियों की रडार पर आ सकते हैं।

## पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का दिल क्यों लग रहा है इन दिनों बागपत पर

### सियासी फोकस कर रहा है दावेदारी की अदावत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में खिलाड़ियों के कदम चुनावी मैदान पर ऐसे ही नहीं पड़ते हैं। वो इलैक्शन से पहले पूरा कैल्कुलेशन करते हैं। उसके बाद वो इस रेस में दौड़ना शुरू करते हैं। जिस मैदान से उन्हें खेलना होता है उस मैदान के प्रति उनकी रूची बढ़ जाती है। वहां उनके कदम पड़ने लगते हैं और इन दिनों पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी की सियासी अदावत का फोकस बागपत पर दिख रहा है। वो बागपत में होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों से लेकर पारिवारिक कार्यक्रमों में दिखाई दे रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इन दिनों उनकी सक्रियता बागपत में बढ़ गयी हैं। बागपत से तस्वीरें आ रही हैं और उनकी एक्टिविटी में यहां कई सियासी चेहरों को बेचैन कर दिया है।

अंदाजा यही लगायाजा रहा है कि कहीं वह यहां चुनावी जमीन को तैयार नहीं कर रहे हैं। प्रशांत चौधरी सियासत के खिलाड़ी हैं और उनके लिए मैदान बदलकर खेलना कोई बड़ी बात नहीं है। वो ऐसे खिलाड़ी है जो हार और जीत से अलग जाकर खेलते हैं और खेल को मजबूती देते हैं। गढ़ से चुनाव लड़े और फिर मीरापुर जैसी अपेक्षकृत कमजोर सीट पर भी उन्होंने ताल ठोक दी। ये सीट भाजपा के लिहाज से कमजोर थी और उन्होंने यहां मजबूती से चुनाव लड़ा सूत्र बताते हैं कि यहां वो गांव देहात में अपनी पुरानी टीम को जोड़ रहे हैं। पुराने चेहरों से मुलाकात कर रहे हैं और प्रशांत चौधरी की ये पुरानी टीम देहात में एक्टिव हो गयी है। पूर्व विधायक की ये सक्रियता उनके विरोधियों को हैरान कर रही है। शादी विवाहों में एक्टिव हैं और यहां से अब कई कनैक्शन निकल रहे हैं।

### बागपत में लिख चुके हैं प्रशांत चौधरी जीत की ईबारत

मिशन 2027 बागपत



**करंट क्राइम।** बागपत की जमीन पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के लिए उपजाऊ जमीन है। यहां उन्हें सियासी माईलेज मिला है और एमएलसी रहते हुए उन्होंने यहां बड़ी जीत हासिल की थी। उनकी पत्नी हेमलता चौधरी बागपत से विधानसभा का चुनाव जीतकर विधायक बनी थीं। बागपत जैसी सीट पर उन्होंने अपनी पत्नी को जीत दर्ज करायी थी। ऐसे में ये तय है कि वहां उनके पास एक पुराना नेटवर्क है और पुरानी टीम है। प्रशांत चौधरी अगर यहां फोकस करते हैं तो निश्चित तौर पर यह उनका एक चुनावी दांव भी माना जा सकता है। लेकिन इतना तय है कि वो एक बार फिर यहां अपने पुरानी टीम के साथ मजबूत नजर आ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर आज गाजियाबाद में करेगा लैंड

### हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर उतरेंगे फिर दिल्ली जांएगे




**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक बार फिर गाजियाबाद की धरती पर उतरेंगे। उनका हेलीकॉप्टर शहर के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर लैंड करेगा, जहां से वह सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का शनिवार को दिल्ली में निर्धारित कार्यक्रम है। इसी सिलसिले में उनका हेलीकॉप्टर गाजियाबाद के हिंडन एयर पोर्ट पर उतरेगा। यहां से उनका काफिला दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री पुनः गाजियाबाद लौट सकते हैं और इसके बाद लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। फिलहाल गाजियाबाद में उनके किसी सार्वजनिक कार्यक्रम या बैठक की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं राजनीतिक गलियारों में उनके इस दौरे को कई अन्य दृष्टिकोणों से भी देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी में जल्द ही संगठनात्मक स्तर पर कुछ अहम घोषणाएं होने की संभावना है, जिसके चलते मुख्यमंत्री की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि अयोध्या में जल्द होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म के संभावित आगमन को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री की दिल्ली यात्रा को उससे जुड़े समन्वय और बैठकों के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। इधर मुख्यमंत्री योगी के आगमन को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। बड़ी संख्या में पुलिस बल व अधिकारियों की तैनाती के निर्देश व आदेश दे दिए गए हैं।



## कमिश्नरेट के चार एसीपी को प्रमोशन का गिफ्ट, जल्द हो सकते हैं तबादले

### जल्द पुलिस कमिश्नरेट में बड़े फेरबदल के संकेत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तैनात एसीपी रैंक के चार अधिकारियों को पदोन्नति का बड़ा तोहफा मिलने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को लखनऊ में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक हुई, जिसके बाद पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में एसीपी रैंक के अधिकारियों को पदोन्नति दिए जाने का फैसला लिया गया है। बताया जा रहा है कि जिन अधिकारियों की सेवा अवधि 12 वर्ष से अधिक पूरी हो चुकी है, उन्हें पदोन्नति का लाभ दिया गया है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के भी चार एसीपी स्तर के अधिकारियों का प्रमोशन तय माना जा रहा है।

### प्रमोशन के बाद तबादलों की तैयारी

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों का कहना है कि पदोन्नति के बाद गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनात तीन सर्किलों के एसीपी और एक अन्य शाखा में तैनात अधिकारी को यहां से दूसरे स्थान पर भेजा जा सकता है। वहीं कुछ अधिकारियों को यहीं पर एडीसीपी (अपर पुलिस उपायुक्त) के पद पर भी जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। जानकारी यह भी सामने आ रही है कि गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनात तीन एसीपी ऐसे हैं जिनका तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। शासन की सामान्य नीति के अनुसार उनका तबादला भी जल्द किया जा सकता है। ऐसे में पदोन्नति और कार्यकाल पूरा होने-दोनों कारणों से एक साथ कई अधिकारियों के स्थानांतरण की संभावना बन गई है।

### पुलिस कमिश्नरेट के कई सर्किलों में बदलेंगे चेहरे

करंट क्राइम : यदि यह तबादले और पदोन्नतियां लागू होती हैं तो गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में करीब आधा दर्जन एसीपी स्तर के अधिकारियों की अदला-बदली हो सकती है। इससे जोन से लेकर सर्किल स्तर तक प्रशासनिक ढांचे में बदलाव देखने को मिल सकता है। पुलिस महकमे में चर्चा है कि इन तबादलों के आदेश मार्च के अंत तक या अधिकतम अप्रैल के पहले सप्ताह में जारी किए जा सकते हैं। फिलहाल सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि गाजियाबाद में किन नए अधिकारियों की तैनाती होती है और किन एसीपी को दूसरी जगह भेजा जाता है। आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई स्तरों पर बदले हुए चेहरे नजर आ सकते हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में नई जिम्मेदारियां और नई रणनीति देखने को मिल सकती है।



# कोकराझार रैली में पीएम मोदी बोले डबल इंजन सरकार से तेज हुआ असम का विकास

**नई दिल्ली।** असम की जनता से सीधे जुड़ाव न होने को लेकर खेद प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं। जहां भी मेरी नजर पहुंच रही है, मुझे लोग ही लोग नजर आ रहे हैं और इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आशीर्वाद देने आई हैं। आपका ये प्यार मुझ पर कर्ज की तरह है और मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि इस कर्ज को मैं आपकी सेवा करके और इस क्षेत्र का विकास करके चुकाऊं।'




### बोडो समुदाय की भाषा और संस्कृति पर भी चर्चा

प्रधानमंत्री ने असम की जनता से कहा, 'आपका प्यार मुझ पर एक कर्ज की तरह है, और मेरा लक्ष्य हमेशा से आपकी सेवा करके और इस क्षेत्र के विकास के लिए काम करके इस कर्ज को चुकाना रहा है। कुछ हफ़्ते पहले, मुझे गुवाहाटी में समृद्ध बोडो संस्कृति को देखने का अवसर मिला था। यह देखकर मुझे गर्व महसूस होता है कि बोडो समुदाय ने अपनी भाषा और संस्कृति को किस तरह से सहेजकर रखा है।'

### बोडो शांति समझौते पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर भारत के लिए बीते एक दशक से अधिक समय में किए गए फैसलों का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस जहां अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए अलग-अलग समुदायों में फूट डाल देती थी, वहां भाजपा ने स्थायी शांति के लिए काम किया। इसी सोच के साथ बोडो शांति समझौता किया गया। इस समझौते में पहली बार सभी प्रमुख संगठनों और समूहों को एक साथ लाया गया।

### पीएम मोदी ने डबल इंजन की सरकार पर जोर दिया

असम में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच विरोधी दल को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस झूठे वायदों की दुकान है और एक झूठे वादे के साथ चार सुपर झूठ गिफ्ट में देती है।क्योंकि उन वादों को पूरा करने का कांग्रेस का इरादा ही नहीं होता। वहीं आपके सामने भाजपा-ठऊअ का मॉडल है। हमारी डबल इंजन सरकार ने जो भी कहा, उसको सच करने की ईमानदार कोशिश की है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '2020 के समझौते के तहत, हमने जो भी वादे किए थे, वे लगातार प्रयासों के जरिए एक-एक करके पूरे किए जा रहे हैं। बोडो भाषा को 'सह-राजभाषा' का दर्जा दिया गया है।बोडोलैंड के लिए 1,500 करोड़ का एक विशेष विकास पैकेज दिया गया है। आज, कोकराझार में एक मेडिकल कॉलेज चल रहा है। वे सभी माताएं अपना आशीर्वाद दे रही हैं।

### 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण

पीएम मोदी ने कहा, भाजपा-ठऊअ की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकापर्ण हुआ है। इसमें से 1,100 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बोडोलैंड की सड़कों के लिए खर्च होने जा रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि असम माला अभियान के तीसरे चरण से असम की रोड़ कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी।

### 'असम शांति और विकास का नया अध्याय लिख रहा है'

पूर्वोत्तर में हो रहे बदलावों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कोकराझार सहित इस पूरे क्षेत्र ने बीते दशकों में बहुत कुछ सहा था, बहुत कुछ खोया था। हमने वो मुश्किल समय देखा है, जब इन पहाड़ियों में बम-बंदूक की ही गूंज सुनाई देती थी। लेकिन आज ये तस्वीर बदल रही है। आज बोडोलैंड शांति और विकास की राह पर चल पड़ा है... आज असम शांति और विकास का नया अध्याय लिख रहा है।'

### पीएम मोदी - बोडोलैंड कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। दिल्ली में बैठी कांग्रेस की सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। जब आपने देश और असम दोनों जगह से कांग्रेस को खदेड़ा और भाजपा-ठऊअ को अवसर दिया, तो हमने ईमानदारी से प्रयास शुरू किए।'

# राजनाथ सिंह और योगी ने लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर का किया लोकार्पण

## विकास कार्य को मिलेगी रफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर का शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लोकार्पण किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे जनता को समर्पित किया। झूलेलाल पार्क में लोकार्पण समारोह हुआ। यूपी सरकार के कई मंत्री और भाजपा पदाधिकारी भी इसमें शामिल हैं। यह ग्रीन कॉरिडोर कुल 57 किलोमीटर लंबा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, योगी जी को लोग बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया। बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं। नए विकास की जमीन भी तैयार करता है। कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। यह नया अध्याय होगा। डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है।

ब्रह्मोस, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी लखनऊ में होगा। ब्रह्मोस से हमने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। अगर उन्होंने दोबारा कभी ऐसा करने का सोचा तो वह इससे कभी उबर नहीं पाएंगे। ब्रह्मोस की टेस्टिंग, इंटीग्रेशन फैसिलिटी का काम अब लखनऊ में होगा। लखनऊ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने का काम हो रहा है।

इस महीने के अंत या अप्रैल महीने की शुरूआत में ही लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे शुरू हो जाएगा। इसके बाद दोनों शहरों के बीच की दूरी मात्र 35 से 40 मिनट के बीच तय हो सकेगी।

सीएम विकास के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान दे रहे। घर घर से कूड़ा उठाया जा रहा। पहले लोग गोमती में कूड़ा फेंक देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले साल लखनऊ को स्वच्छता में तीसरी रैंक मिल चुकी है, इसके लिए सभी को बधाई।



### जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया

सीएम योगी ने कहा, प्रशासन की जिस जमीन पर आक्रमण किया गया था, उसी जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया। इसमें शासन ने प्राधिकरण को पैसा नहीं दिया है। लखनऊ एआई सिटी के रूप में विकसित होगा। सरकार ने इसके लिए भी धन की व्यवस्था कर ली है। दुश्मन को ठिकाने लगाने वाले ब्रह्मोस के इंजीनियर ज्यादातर AKTI, पॉलीटेक्निक और सरकारी कालेजों से हैं। लखनऊ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित हो रहा है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत पर अखिलेश का सरकार पर निशाना, बोले संकट खुद सरकार ने पैदा किया

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अफवाहजीवी पार्टी है। रसोईगैस का संकट सरकार ने पैदा किया है। लोग ऑनलाइन भी सिलेंडर बुक नहीं करवा पा रहे हैं।

यूपी में रसोई गैस की किल्लत को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अफवाहजीवी है। भाजपा की सरकार खुद अफवाह फैला रही है कि गैस की कहीं कोई कमी नहीं है जबकि हर जिले में कमी को देखा जा रहा है। अगर सरकार गैस की कमी को स्वीकार कर ले तो जनता खुद सहयोग करेगी।




उन्होंने कहा कि गैस लापता हो गई है। लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, वाराणसी और आगरा सहित अलग-अलग जिलों में गैस के लिए लगी लाइनें सोशल मीडिया पर नजर आ रही हैं। ऑनलाइन बुकिंग हो नहीं पा रही है। बुकिंग करने पर एरर दिखा रहा है। साफ्टवेयर से कौन खिलवाड़ कर रहा है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसे कोई कैसे छिपा सकता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग गांव में रहते हैं वो चूल्हे पर खाना बना सकते हैं पर जो लोग अपार्टमेंट में रह रहे हैं वो क्या करेंगे। ये संकट सरकार ने पैदा किया है।

# मार्च दूसरे हफ्ते में ही गर्मी बनाने लगी रिकॉर्ड बदरीनाथ की चोटियों पर बर्फबारी

**देहरादून।** मार्च की शुरूआत से ही गर्मी उत्तराखंड में अपने तेवर दिखा रही है। भले ही बीते कुछ दिनों में मैदानी इलाकों में बादल छाने और पहाड़ों में कोहरे से बारिश का अनुमान लगाया गया लेकिन ऐसा हुआ नहीं और गर्मी ने दूसरे सप्ताह में ही नए रिकॉर्ड बना दिए।



दून के आंकड़ों पर नजर डालें तो यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री इजाफे के साथ 34.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से चार डिग्री बढ़ोतरी के साथ 16.9 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि पर्वतीय क्षेत्र मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान भी सामान्य से आठ डिग्री अधिक के साथ 25.1 डिग्री रहा और न्यूनतम सामान्य से पांच डिग्री बढ़ोतरी के साथ 10.5 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों का भी रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार 13 मार्च को भी प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। जिसके चलते अधिकतम के साथ न्यूनतम पारा सामान्य से ऊपर रहेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 17 मार्च तक प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश होने का अनुमान है। उधर केंद्र की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में लिखा गया।

# मोनालिसा-फरमान की शादी पर साध्वी प्राची का विवादित बयान कहा-'35 टुकड़ों में मिल सकती है लाश'

**बागपत।** बागपत में हिंदूवादी नेत्री साध्वाी प्राचाी ने वायरल गर्ल मोनालिसा और फरमान की शादी को लेकर बेहद तीखा और विवादित बयान दिया है। उन्होंने इस रिश्ते को लेकर गंभीर आशंका जताते हुए कहा कि मोनालिसा के साथ धोखा हो सकता है।



साध्वी प्राची ने कहा कि उन्हें डर है कि मोनालिसा के साथ फरेब हो सकता है और भविष्य में उसकी लाश 35 टुकड़ों में भी मिल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला कहीं न कहीं ऐसे मामलों की याद दिलाता है, जिनमें लड़कियों की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह मामला निकिता तोमर हत्याकांड जैसा भी हो सकता है। साध्वी प्राची ने आशंका जताते हुए कहा कि ऐसा भी हो सकता है कि मोनालिसा की लाश फ्रिज में मिले।

साध्वी प्राची ने फरमान पर 'लव जिहाद' का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि फरमान हिंदू धर्म अपनाकर मोनालिसा से शादी करता तो उनका स्वागत किया जाता, लेकिन मौजूदा स्थिति में उन्होंने इस रिश्ते को लव जिहाद बताया है।

मोनालिसा और फरमान की शादी इन दिनों सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस मामले में लगातार अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

## विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को याद आए कांशीराम

# राहुल गांधी बोले नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते

**गाजियाबाद /लखनऊ।** bs4 और बामसेफ के संस्थापक कांशीराम को दलित उत्थान और सामाजिक चेतना के लिए जाना जाता है। उन्होंने बस-4 और बामसेफ का गठन कर दलित और पिछड़ों में अपने अधिकार के प्रति जागरूकता जगाई थी। कांशीराम ने बाद में बस-4 और बामसेफ को बदलकर बसपा नाम रखा। और मायावती को इस मिशन का उत्तराधिकारी घोषित किया। यह काशीराम और मायावती की मेहनत का ही नतीजा है कि दलित समाज बसपा के साथ जुड़ गया।

विधानसभा चुनाव के करीब करीब 1 साल पहले कांग्रेस को अब काशीराम की याद आई है। काशीराम की जयंती से पहले कांग्रेस ने उनकी जयंती को लेकर लखनऊ में बड़ा आयोजन किया। इस आयोजन के बहाने कांग्रेस दलित तक अपनी बातें पहचाने का प्रयास किया। सामाजिक परिवर्तन दिवस के नाम से आयोजित कार्यक्रम को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही काशीराम के विचारों को आगे ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि राजनीति में सब कुछ चाहने से नहीं मिलता है और ना ही उससे कुछ होने वाला है जब तक विचारों की लड़ाई नहीं लड़ी जाएगी तब तक कोई बदलाव नहीं हो सकता है।



राहुल गांधी ने कहा कि सिर्फ नारेबाजी से कोई बदलाव नहीं होता है परिवर्तन सिर्फ संघर्ष और विचारों से होता है। बदलाव तब आता है जब हर व्यक्ति हत्या कर ले की जो हो रहा है उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि ` डॉ. भीमराव अंबेडकर हमेशा शिक्षा और संगठित होने की बात करते थे।उनके अनुसार समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा हासिल करना और संगठित रहना सबसे जरूरी है। अगर समाज इन बातों को अपनाएगा तभी सही मायनों में सामाजिक परिवर्तन संभव हो पाएगा।

राहुल गांधी ने कांशीराम का जिक्र करते हुए कहा कि जब वे उत्तर प्रदेश में घूमते थे तो अपने साथ पेन लेकर चलते थे। उनका कहना था कि समाज में जो भी फायदा हो, उसका लाभ आम जनता को भी मिलना चाहिए।

राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस में कुछ कमियां रही होगी जो पार्टी दलितों को साथ लेकर नहीं चल पाई। यही वजह रही कि कांशीराम सफल हुए। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस अपना काम सही तरीके से करती तो कांशीराम इतने सफल नहीं हो पाते। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्होंने कभी किसी से कहा था कि पता नहीं यह बात सही है या गलत, लेकिन अगर आज जवाहरलाल नेहरू जिंदा होते तो शायद कांशीराम कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते।

राहुल गांधी ने समाज में बराबरी के सवाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस देश में विकास का फायदा सिर्फ 15 फीसदी लोगों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। समाज के 85 फीसदी लोगों को भी उस विकास का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में दो तरह के लोग होते हैं। एक वो जो चाहते हैं कि सबको फायदा मिले, सबकी प्रगति हो और देश आगे बढ़े।

## सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम में गाजियाबाद से पहुंचे बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बसपा के संस्थापक काशीराम की जयंती के उपलक्ष में लखनऊ में आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम में गाजियाबाद से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डसना के नेतृत्व में कार्यकताओं का दल सुबह ही लखनऊ पहुंच गया था। गाजियाबाद के अलावा पश्चिम उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ट्रेनों एवं बसों द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे थे जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। राहुल गांधी जैसे ही हाल में प्रवेश किया कार्यकताओं का जोश दुगुना हो गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के विचारों को जन-जन तक ले जाने के लिए गाजियाबाद से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचे थे। मौके पर रिजवान मालिक विनोद धाम अमित गोयल हरेंद्र बाबा भी शामिल थे। गाजियाबाद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से भी कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे थे।






## आगामी चुनाव से पहले ममता बनर्जी का मास्टर स्ट्रोक

**कोलकाता।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच समुदायों के लिए बड़ा एलान किया है। इसके तहत ममता सरकार इन समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी।

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम ममता बनर्जी ने एक नया राजनीतिक और सामाजिक मास्टर स्ट्रोक खेला है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार मुंडा, कोरा, डोम, कुंभकार और सदगोप समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी।

सीएम ममता के अनुसार यह कदम न केवल इन कमजोर और पिछड़े समुदायों के अधिकारों और परंपराओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में तरक्की को भी बढ़ावा देगा।

# मेडिकल वीजा पर आए 10 बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे थे, पुलिस ने दबोचा

**नई दिल्ली।** जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिले की विदेशी सेल अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। टीम ऐसे लोगों की जानकारी हासिल कर रही है। पुलिस को जांच के दौरान कुछ विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारी मिली। शक था कि सभी लोग बांग्लादेशी हैं।

बाहरी जिला पुलिस ने भारत के रास्ते बुल्गारिया जाने के इरादे से आए 10 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। वह मेडिकल वीजा पर भारत आए थे और वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद अवैध रूप से बाहरी दिल्ली में रह रहे थे। पुलिस इनकी निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिले की विदेशी सेल अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। टीम ऐसे लोगों की जानकारी हासिल कर रही है। निरीक्षक सुंदर सिंह को जांच के दौरान कुछ विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारी मिली। शक था कि सभी लोग बांग्लादेशी हैं। पुलिस ने उनपर निगरानी रखी और 6 मार्च को एक सूचना पर पीरागढ़ी चौक स्थित पार्क के पास से पुलिस ने 10 नागरिकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर इनकी पहचान फारूक, मोहम्मद सोजिब फकीर, शोहाग मियां, शहाबुद्दीन, मोहम्मद शराजुल इस्लाम शाहिदुल, गुलाम रब्बानी, साजिब मियां, मोहम्मद जहिरूल, मोहम्मद आलमगीर हुसैन और मोहम्मद अब्दूल कुद्दूस के रूप में हुई।




किसी के पास से वैध पहचान पत्र नहीं मिला और न ही वह यात्रा दस्तावेज ही पेश कर सके। जांच से पता चला कि उनके पासपोर्ट और वीजा की समय सीमा खत्म हो चुकी थी और वह भारत में अवैध रूप से रह रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बांग्लादेशी नागरिक हैं और भारत के रास्ते बुल्गारिया जाने के लिए यहां आए थे। वह भारत में बुल्गारिया के लिए मेडिकल वीजा हासिल करने का प्रयास कर रहे थे। कानूनी औपचारिकताएं और पूछताछ पूरी करने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में पेश किया।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच चौथी बार हुई जयशंकर अराघची की बातचीत, होर्मुज से मिल रही अच्छी खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने गुरुवार की रात ईरानी विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय हुई, जब होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीति समुद्री मार्ग को ईरान ने आंशिक रूप से बाधित किया हुआ है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दोनों नेताओं की चौथी बातचीत थी। जयशंकर और अराघची के बीच यह बातचीत ऐसे समय हुई, जब होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से चौथी बार हुई बातचीत

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच बीती रात फोन पर बातचीत हुई। बीती 28 फरवरी को जब अमेरिका के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, उसके बाद भी जयशंकर ने अराघची से बात की थी। पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच बीती 5 मार्च और फिर 10 मार्च को भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई थी। बीते करीब 15 दिनों में दोनों के बीच गुरुवार रात को चौथी बार बात हुई है।

होर्मुज जलडमरूमध्य से मिल रही अच्छी खबर

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा, 'कल रात ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ एक और बातचीत हुई। इस बातचीत में द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।' भारत, होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक शिपिंग मार्ग से भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित कराने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका और इस्राइल के साथ संघर्ष बढ़ने के बाद तेहरान ने इस मार्ग को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। जिससे दुनिया भर में ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। हालांकि गुरुवार को एक अच्छी खबर सामने आई कि एक भारतीय जहाज सुरक्षित भारत पहुंचा। इसे भारत के कूटनीतिक प्रयासों का नतीजा माना जा रहा है।

ईरान ने जारी किया बयान

ईरान की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि अराघची ने अपने भारतीय समकक्ष को अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए हमलों से पैदा हुई स्थिति और क्षेत्र तथा दुनिया की स्थिरता और सुरक्षा पर इसके परिणामों के बारे में जानकारी दी। ईरानी विदेश मंत्री ने जयशंकर के सामने आत्मरक्षा के वैध अधिकार के इस्तेमाल के तेहरान के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया।

बयान में कहा गया, अराघची ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मंचों और संगठनों द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य आक्रमण की निंदा किए जाने की जरूरत पर जोर दिया। बहुपक्षीय सहयोग विकसित करने के एक मंच के रूप में ब्रिक्स की भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने मौजूदा समय में क्षेत्र और दुनिया में स्थिरता और सुरक्षा का समर्थन करने में ब्रिक्स की अहम भूमिका पर जोर दिया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# आ गयी वो घड़ी जिसके लिए लगी थी दावेदारों की झड़ी

## लखनऊ में महामंथन और कभी भी हो सकती है पदाधिकारियों की घोषणा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अध्यक्ष वाली घोषणा के बाद से इंतजार इस बात का था कि अब टीम घोषित होगी। किसी का सपना था कि वो टीम में महामंत्री बनेगा और किसी की इच्छा थी कि उपाध्यक्ष वाला पद मिल जाये। कोई कोशिश में जुटा कि टीम में सेट हो जाये। मगर इंतजार की घड़ियां लम्बी हो गयी। पहले हफ्ते बीते, फिर महीने बीते और 16 मार्च को पूरा साल ही बीतने वाला है। अध्यक्ष पुरानी टीम से काम चलाते रहे। नये चेहरे ताजपोशी की आस में रोज इस दर से उस दर तक सर झुकाते रहे। बहरहाल महानगर टीम की घोषणा वाला दिन आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि आज लखनऊ में महामंथन होगा, बैठक होगी और प्रबल संभावना इस बात की है कि आज, कल या कभी भी महानगर संगठन के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा हो सकती है। घोषणाओं का दौर शुरू होगा। नामों पर मंथन होगा, चिंतन होगा और फिर वो सूची बाहर आ जायेगी जिसका इंतजार हो रहा है।

### प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री के साथ बैठेगी कोर कमेटी

करंट क्राइम। आज लखनऊ में जब चिंतन मंथन का दौर शुरू होगा तो इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष होंगे, प्रदेश संगठन महामंत्री होंगे। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष होंगे, जिला और महानगर अध्यक्ष होंगे। टीम के नामों पर मंथन होगा ओर फिर जो नाम हैं वो रखे जायेगें। इस बैठक में विधायक भी रहेंगे, पर्यवेक्षक भी रहेंगे। जो नाम पर्यवेक्षक रखेंगे, उन पर चिंतन होगा।




### क्या वाईल्ड कार्ड एंट्री हुई है पेट्रोल पम्प वाले शर्मा जी की

करंट क्राइम। जातीय समीकरण भी तय होंगे और समर्पण, अनुभव , सक्रियता भी एक पैमाना रहेगा। सूत्र बताते हैं कि नदियापार वालों की हैवीवेट दखल के बाद लाईनपार के एक ब्राह्मण चेहरे की वाईल्ड कार्ड एंट्री हुई है। ये नाम टीम की दावेदारी में आ गया है। ये नाम जय में आनंद ढूंढने वाले शर्मा जी का बताया जा रहा है। वहीं किसी की गुंजन भी मजबूत सुनाई दे रही है। सूत्र बताते हैं कि डूंडा हेड़ा के जयनन्द शर्मा की वाईल्ड कार्ड एंट्री हुई है और इसके बाद कई नामों का समीकरण बिगड़ सकता है।

### 2 विधायक पहुंचे संगठन वालों के पास तो क्या हुई बात

करंट क्राइम। राजनीति में जब घटनाक्रम बदलता है तो फिर पल पल की अपडेट भी आने लगती है। मुलाकातों के सियासी अर्थ तलाशे जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार को संगठन वालों के पास दो विधायक पहुंचे। संगठन के एक पदाधिकारी के पास दो विधायकों की आमद हुई। पदाधिकारी को लखनऊ जाना था और उससे पहले ये मुलाकात हुई है। सूत्र बताते हैं कि ये उधेड़बुन महानगर की टीम के नामों को लेकर है लेकिन विधायकों की ज्यादा बात नहीं हुई है। सूत्र बताते हैं कि यहां जो बात हुई है वो नामों को लेकर हुई है और इस मुलाकात के मायने निकाले जा रहे हैं। दोनों विधायक अलग अलग गाड़ी से पहुंचे हैं। लेकिन कमरे के सूत्र बताते हैं कि बात का सार एक ही रहा है। जिन दो विधायकों ने मुलाकात की है वो दोनों ही विधायक अपने साथ दल बल टीम लेकर चलने वाले हैं। अपने लोगों के लिए अड़ने वाले हैं। सूत्र बताते हैं कि इन दोनों विधायकों का दखल रहेगा।

### सात महिलाओं में आयेंगे कौन कौन से नाम

करंट क्राइम। इस बार टीम में सात महिलाओं को समायोजित किया गया है। ओबीसी चेहरा कौन हागा। ठाकुर फैक्टर से किस महिला का नाम आयेगा। ठाकुर फैक्टर की बात करें तो यहां रिचा भदौरिया और रनीता सिंह के नामों पर चर्चा हो सकता है, ऐसा सूत्र बता रहे हैं। ओबीसी फैक्टर में यहां खोड़ा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी का नाम तेजी से चला है। इसके अलावा यहां महानगर की टीम में जिस महिला चेहरे के नाम पर मंथन हुआ है वो नाम प्रीति राय का बताया जाता है। इसके अलावा भी किसी की ज्योति प्रज्जवलित होने की संभावनाएं प्रबल बताई जा रही हैं।

### सबसे ज्यादा जोर है महामंत्री के फेस पर

करंट क्राइम। टीम घोषित होनी है और अगर यहां टीम में अध्यक्ष के बाद कोई दूसरा पद भारी डिमांड में चल रहा है तो वो महामंत्री का पद है। कई चेहरे खुद को महामंत्री मानकर चल रहे हैं, कई चेहरे दावेदारी में हैं। किसको क्या मिलेगा ये संगठन की बैठक के बाद तय होगा। सूत्र बताते हैं कि एक महिला चेहरे को भी महामंत्री वाले फ्रेम में फिट किया जा सकता है। वहीं कुछ चेहरे पुरानी टीम में से भी शामिल किए जा सकते हैं। मगर इनमें किसी पहले के महामंत्री की संभावना रिपिटेशन में कम ही लग रही है।

### ठाकुर फैक्टर में सरदार सिंह भाटी से लेकर बलराम रावल के नाम

करंट क्राइम। प्रदेश में मंथन होना है और व्यापक स्तर पर एक एक नाम को लेकर चर्चा है। यहां ठाकुर फैक्टर में पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी का नाम मजबूत बताया जा रहा है। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से लेकर नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का सफर तय किया है। भाजपा के समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं में नाम आता है। ठाकुर फैक्टर की बात करें तो लाईनपार से बलराम रावल के नाम पर चर्चा है और ये नाम महानगर संगठन का नाम माना जाता है। इसके अलावा यहां भानू सिसौदिया के नाम पर चर्चा चली है। जाट फैक्टर में सिद्धार्थ युगल का नाम भी चौंका सकता है।

### वैश्य ब्राह्मण समीकरण के इन नामों की चर्चा

करंट क्राइम। महानगर की टीम में अगर ब्राह्मण नामों की बात करें तो यहां गुंजन शर्मा, संजीव झा, अश्वनी शर्मा का नाम हैं। भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ता हैं और संघ परिवार की पसंद का ये नाम हो सकता है। ब्राह्मण चेहरों में गुंजन शर्मा के नाम की चर्चा है। इसके अलावा यहां वैश्य चेहरों में पुष्पेन्द्र गुप्ता, अंकुर मित्तल भी टीम का हिस्सा बन सकते हैं।

### त्यागी फैक्टर पर ये नाम आये चर्चा में

करंट क्राइम। अगर त्यागी फैक्टर की बात करें तो यहां बॉबी त्यागी का नाम सबसे आगे चल रहा है। संगठन संरचना के कुशल खिलाड़ी माने जाते हैं , टीम वर्क के साथ काम करते हें। त्यागी समाज से ही अमित रंजन के नाम पर भी चर्चा है और यहां कई अन्य चेहरे हैं जो दावेदारी में बने हुए हैं। यहां पर संदीप त्यागी के नाम को भी प्रबलता मिल रही है। महामंत्री राजेश त्यागी पर भी सबकी नजर बनी हुई है।

### प्रदीप चौहान से लेकर राजन बाल्मिकी तक कई नाम

करंट क्राइम। दलित फैक्टर की बात करें तो यहां पहला नाम प्रदीप चौहान बाल्मिकी का चल रहा है। भाजपा का संघर्षशील चेहरा है और समर्पण वाला चेहरा माना जाता है। यहां पर दलित फैक्टर में राजन आर्य बाल्मिकी का नाम भी प्रबल दावेदारी में है। इसके अलावा इस लिस्ट में सुमन जाटव और वेद प्रकाश जाटव के नाम की भी चर्चा है।

### रूल ऑफ 50 करेगा किसकी दावेदारी खल्लास

करंट क्राइम। भाजपा में 50 शब्द का बड़ा महत्व है। एक दौर था जब इस 50 के रूल ने कई नये भाजपाईयों को भी सक्रिय भाजपाई बना दिया था। स्कीम ये थी कि 50 मिस्ड कॉल लगवाओं और सक्रिय सदस्य बन जाओ। ये रूल काफी फलित हुआ था और इस बार रूल 50 का है। यदि किसी की आयु 50 प्लस हो रही है तो ये उसकी दावेदारी को माईनस करेगा। हालाकि सूत्र बता रहे हैं कि इस रूल को लेकर संगठन इतना कठोर नहीं रहेगा। क्योंकि यहां अनुभव और समर्पण का पैमान इस रूल को सोफ्ट करेगा। भगवा सूत्र बता रहे हैं कि अगर 50 प्लस वाले रूल से ही किसी को माईनस करना है तो फिर ये कईयों का नुकसान करेगा। इसकी चपेट में कई चेहरे आयेंगे। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि महिला, एससी के अलावा ओबीसी चेहरों को भी 50 ऐज फैक्टर में छूट मिलने जा रही है।

### ओबीसी चेहरों में चल रहे हैं ये नाम, पंजाबी में इन नामों पर चर्चा

करंट क्राइम। अगर ओबीसी चेहरों की बात करें तो यहां युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा का नाम महानगर की टीम में माना जा रहा है। यहां ओबीसी फैक्टर से योगेश भाटी का नाम भी बताया जाता है। लाईनपार क्षेत्र की बात करें तो सुरेन्द्र नागर एक मजबूत नाम माना जा रहा है। इसके अलावा विनोद कसाना, प्रदीप चौधरी, आशीष चौधरी, संदीप चौधरी के नामों की भी चर्चा है। वहीं पंजाबी फैक्टर में गौरव चौपड़ा और प्रहलाद दुआ के नाम पर भी मंथन की चर्चाएं हैं।

---

## नाहल गांव से देशविरोधी नेटवर्क की बू!

# छह आरोपियों से 100 सवाल पूछेगी कमिश्नरेट पुलिस पाकिस्तान-बांग्लादेश कनेक्शन की भी जांच शुरू

### बैंक खातों, यूट्यूब चैनल और विदेशी संपर्कों की खंगाल रही हैं जांच एजेंसियां



**- सभी आरोपियों और उनके परिवारों के बैंक खातों की जांच शुरू**
**- कहीं विदेश से कोई संदिग्ध फंडिंग तो नहीं आई।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मसूरी थानाक्षेत्र के नाहल गांव से सामने आए संदिग्ध देशविरोधी गतिविधियों के मामले ने पूरे पुलिस कमिश्नरेट और खुफिया एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों से अब गहन पूछताछ की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक कमिश्नरेट पुलिस इन सभी आरोपियों से करीब 100 से अधिक सवाल पूछकर पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने की रणनीति बना रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के साथ-साथ खुफिया ब्यूरो (आईबी) और एटीएस भी जांच में जुट गई हैं।

शुक्रवार को नाहल गांव और आसपास के इलाके में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई और क्षेत्र की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। जांच के दौरान ऐसे तथ्य सामने आए हैं जिनसे मामले में पाकिस्तान और बांग्लादेश कनेक्शन की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद जावेद का चाचा ओबेदुल्ला वर्ष 1994 में पाकिस्तान भाग गया था। बताया जाता है कि सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर आने के बाद उसने वहां शरण ली थी और बाद में उसकी मृत्यु भी पाकिस्तान में ही हो गई। इसके अलावा आरोपी इकराम अली की मां के बांग्लादेश मूल की होने की जानकारी भी सामने आई है। इन तथ्यों के सामने आने के बाद खुफिया एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि कहीं इन आरोपियों के विदेशी संपर्क तो नहीं रहे।





### सिपाही की हत्या पर विवादों में रहा है नाहल गांव

करंट क्राइम : नाहल गांव पहले भी एक बड़ी घटना के कारण सुर्खियों में आ चुका है। मई 2025 में चोरी के एक आरोपी को पकड़ने पहुंची गौतमबुद्धनगर पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। इस दौरान गोली लगने से एक सिपाही की मौत हो गई थी। घटना के बाद कई दिनों तक गांव में पुलिस बल तैनात रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्रवाई के डर से अस्थायी रूप से गांव छोड़ दिया था। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। आरोपियों के मोबाइल फोन, बैंक ट्रांजैक्शन, सोशल मीडिया संपर्क और संभावित विदेशी लिंक की गहराई से जांच की जा रही है।

### आईएसआई से कनेक्शन की भी पड़ताल

करंट क्राइम : जावेद के चाचा के पाकिस्तान में रहने के तथ्य के बाद सुरक्षा एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि कहीं उसका संपर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से तो नहीं था। सूत्रों का कहना है कि अगर ऐसा कोई लिंक मिला तो जांच और भी बड़े स्तर पर बढ़ सकती है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में कितने लोग पाकिस्तान गए और वापस लौटे।

### कौन हैं गिरफ्तार छह आरोपी

करंट क्राइम : पुलिस ने जिन छह लोगों को गिरफ्तार किया है उनकी पहचान नाहल गांव निवासी सावेज, जुनैद, फरदीन, इकराम अली, फजरू और मोहम्मद जावेद के रूप में हुई है। सावेज, इंटरमीडिएट तक पढ़ा, परचून की दुकान पर काम करता है। वहीं जावेद ,आलिम इंटर तक शिक्षित, मस्जिद में मौलाना रह चुका, अजीज कॉलोनी में मदरसा चलाता है। इकराम अली, गाजियाबाद कोर्ट में वकालत करता है। जुनैद ,एलएलबी का छात्र। फरदीन और फजरू, मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस के मुताबिक यह समूह आसपास के युवाओं को प्रभावित कर उन्हें कट्टरपंथी विचारधारा की ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहा था।

### डिजिटल और फंडिंग नेटवर्क पर भी नजर

करंट क्राइम : पुलिस अब आरोपियों की आर्थिक और डिजिटल गतिविधियों को भी खंगाल रही है। सभी आरोपियों और उनके परिवारों के बैंक खातों की जांच शुरू कर दी गई है। यह देखा जा रहा है कि कहीं विदेश से कोई संदिग्ध फंडिंग तो नहीं आई। गिरोह के कथित सरगना सावेज के यूट्यूब अकाउंट और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ डिजिटल सामग्री और संपर्कों को लेकर पुलिस को संदेह हुआ है, जिसे अब तकनीकी टीम खंगाल रही है।

---

# जब राष्ट्रीय ध्वज की दुर्दशा देखकर विवेक भाटी नहीं रह सके कूल

### उन्होंने कहा होना चाहिए एक्शन और बनना चाहिए राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का रूल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी भी देश का राष्ट्रय ध्वज उस देश के सम्मान का प्रतीक होता है। देश का राष्ट्रीय ध्वज उस राष्ट्र की अस्मिता, अखंडता, सम्प्रभुता का प्रतीक होता है। राष्ट्रीय ध्वज का ये महत्व है कि इसके फहराये जाने को लेकर नियम है। यदि किसी बड़ी हस्ती का निधन होता है तो उस हस्ती के सम्मान में राष्ट्रीय ध्वज झुकाया जाता है। यदि कोई अपने प्राणों को राष्ट्र पर कुर्बान करता है तो उसके शव को राष्ट्रय ध्वज में लपेटकर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाता है। राष्ट्रय ध्वज को सलामी दी जाती है। राष्ट्रीय ध्वज हर देशभक्त भारतवासी का गौरव होता है। लेकिन जब राष्ट्रीय ध्वज की दुर्दशा हो तो फिर मन को दुख होता है। कुछ ऐसा ही हुआ वुडहिल के डायरेक्टर और समाजसेवी और जागरूक नागरिक विवेक भाटी के साथ। विवेक भाटी श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि यहां लगा राष्ट्रीय ध्वज फटा हुआ है। उन्हें इस ध्वज की हालत को देखकर बहुत दुख हुआ और उन्होंने इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी अपनी बात रखी। ये वही राष्ट्रीय ध्वज है जो सबसे अधिक ऊंचाई और सबसे बड़े आकार का होने के कारण गाजियाबाद का गौरव माना जाता है। ये वही राष्ट्रीय ध्वज है जिसकी हालत को देखकर पूर्व महापौर अशु वर्मा नाराज हो चुके हैं। ये वही राष्ट्रीय ध्वज है जिसकी देख रेख के लिए नगर निगम ने अनुबंध किया हुआ है। ये स्वच्छ रहे ओर सम्मान के साथ लहराता रहे इसे सुनिश्चत करने के लिए नगर निगम ने किसी कम्पनी को अनुबंध दिया हुआ है। लेकिन औद्योगिक क्षेत्र में श्यामा पार्क में लगा ये झंडा फट चुका है। इस फटे झंडे को देखकर समाजसेवी तथा वुडहिल कम्पनी के डायरेक्टर विवेक भाटी ने रोष प्रकट किया।

### 26 जनवरी को लहराया था झंडा और मार्च में मिला फटी हालत में

**करंट क्राइम।** आखिर श्यामा मुखर्जी पार्क में 26 जनवरी को लगाया गया झंडा मार्च महीने में फट गया। ये फटी अवस्था में दिखा। सवाल यही है कि क्या ये झंड़ा एक महीने भी नहीं चला। सवाल ये है कि ये झंडा आखिर क्यों फट जाता है। क्या झंडे की क्वालिटी सही नहीं है।

### अगर फट चुका है झंडा तो क्या कहता है कानून

**करंट क्राइम।** अगर राष्ट्रीय ध्वज फटा हुआ या खराब हालत में लहराया जा रहा हो तो यह कानूनी तौर पर गलत माना जाता है। भारत में इसके लिए मुख्य कानून प्रीवेशन ऑफ इंसल्ट टू नेशनल ऑनर 1971 बना है । इसके लिए फ्लैग बॉर्ड आफ इंडिया लागू होता है। यह नियम 2002 में बना था। फ्लैग बॉर्ड ऑफ इंडिया के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज फंटा हुआ , गंदा नही होना चाहिए। अगर झंडा खराब हो जाये तो उसे सम्मान पूर्वक उतारकर डिस्पोज करना चाहिए। अगर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जाता है तो नेशनल ऑनर एक्ट के तहत कार्यवाही हो सकती है। राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वाले को अधिकतम 3 साल की जेल या जुर्माना या फिर दोनों हो सकते हें।

### नगर निगम की क्या है राष्ट्रीय ध्वज को लेकर जिम्मेदारी

**करंट क्राइम।** जिस पार्क में यह राष्ट्रीय ध्वज लगा है ये जमीन नगर निगम की है और नगर निगम की इसकी देख रेख करता है। सरकारी पार्क में अगर नगर निगम गाजियाबाद द्वारा यह राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया है तो उसकी देखरेख की जिम्मेदारी आम तोर पर नगर निगम की है। संबंधित पार्क के विभाग तथा जोनल अधिकारी की है। यदि राष्ट्रीय ध्वज फटा हुआ है और फिर भी लहराया रहा है तो यह प्रशासनिक लापरवाही मानी जा सकती है। इसके लिए नगर निगम में शिकायत हो सकती है। जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत डाल सकते हैं।

## संपादकीय

# स्पीकर पर अविश्वास प्रस्ताव

लोकसभा स्पीकर के प्रति अविश्वास व्यक्त करना और फिर अविश्वास प्रस्ताव पेश करना असंवैधानिक, अनैतिक नहीं है, लेकिन यह तार्किक और तथ्यात्मक होना चाहिए। स्पीकर पक्ष और विपक्ष की साझा सहमति से ही चुने जाते हैं और दोनों पक्षों के नेता उन्हें आसन पर विराजमान करते हैं। यही लोकतंत्र का सौंदर्य है। स्पीकर सांसद भी है, राजनेता भी है, एक व्यक्ति भी है, लेकिन सदन में वह संरक्षक और अभिभावक की भूमिका में हैं, लिहाजा तटस्थ और निरपेक्ष हैं। असल जिंदगी में भी अभिभावक हमें डांटते भी हैं और दंड भी देते हैं, लेकिन फिर भी वह हमारे अभिभावक माने जाते रहे हैं। यह तय है कि संसदीय सदन ह्यनियमानुसारह्न ही चलते हैं और वे नियम संसद ने ही बनाए हैं, लिहाजा नियमों की पुस्तिका फाड़ना भी ह्यआपराधिकह्न घोषित करना चाहिए। बहरहाल मौजूदा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में ध्वनि-मत से पराजित हो गया। संख्या की सियासत में यही नियति तय होती है। अब ओम बिरला ही स्पीकर रहेंगे और वह अपने दायित्वों की नए सिरे से शुरूआत करेंगे। वह भारत के संवैधानिक और संसदीय इतिहास में चौथे स्पीकर हैं, जिनके प्रति विपक्ष का ह्यअविश्वासह्न पराजित हुआ है। देश के प्रथम स्पीकर गणेश वासुदेव मावलंकर के खिलाफ दिसंबर, 1954 में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया। तब देश का संविधान ही मात्र 4 वर्ष का था। तब विपक्ष भी नगण्य था। तो क्या प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और स्पीकर मावलंकर के बीच असहमतियों और मतभेदों के मद्देनजर वह ह्यअविश्वासह्न व्यक्त किया गया? मावलंकर सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता, संविधानविद थे। सभी उन्हें ह्यदादा साहेबह्न कहकर संबोधित करते थे। कई मायनों में उन्हें ह्यलोकसभा का जनकह्न भी माना जाता है। संविधान सभा और संविधान का प्रारूप तय करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। ऐसे शख्स के प्रति भी ह्यअविश्वासह्न व्यक्त किया जा सकता था, आज हम सिर्फ सवाल कर हैरान हो सकते हैं। बहरहाल मावलंकर के बाद 1966 में हुकम सिंह और 1987 में बलराम जाखड़ सरीखे लोकसभा अध्यक्षों के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव पेश किए गए, लेकिन सभी पराजित हुए। वे तीनों स्पीकर ह्यकांग्रेसीह्न थे। अब स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ सबसे अहम शिकायत यह थी कि वह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने ही नहीं देते। उनका रवैया, व्यवहार असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक रहा है और उनकी व्यवस्थाएं ह्यपक्षपातीह्न रही हैं। विपक्ष के नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष की महिला सांसदों पर स्पीकर ने जानबूझ कर गंभीर आरोप लगाए कि वे सांसद प्रधानमंत्री मोदी के आसन को घेर कर कुछ भी अनिष्ट, अप्रत्याशित कर सकती थीं। विपक्षी सांसदों के निलंबन पर भी सवाल उठाए गए। बहरहाल इन आरोपों की नौबत ही क्यों आई? महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक क्यों गई थीं? विपक्ष के सांसद कागज की चिंदी-चिंदी कर स्पीकर के आसन पर क्यों उछालते रहे हैं? निलंबन पहले के स्पीकर भी करते रहे हैं।

# वैश्विक संकट से निपटने के लिए 1 लाख करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण फंड



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष (इकोनॉमिक स्टेबलाइजेशन फंड) सरकार को वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय मदद देगा। लोकसभा में पूरक अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह फंड पश्चिम एशिया जैसी जगहों पर अचानक पैदा होने वाली समस्याओं से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले झटकों को संभालने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा, एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण फंड भारत को वैश्विक परिस्थितियों से पैदा होने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए वित्तीय गुंजाइश देगा। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 2.81 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करने की अनुमति लोकसभा से मांगी है। लेकिन सरकार को 80 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त आय भी मिलने की उम्मीद है। इसलिए इन दोनों को मिलाने के बाद सरकार को वास्तव में 2.01 लाख करोड़ रुपये ही अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे। सीतारमण ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2025-26) में राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान (आरई) के भीतर ही रहेगा। 2025-26 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 फीसदी आंका गया है, जो 2025-26 के बजट अनुमान के बराबर है। सीतारमण ने कहा कि दूसरी पूरक मांगों के कारण 2025-26 के बजट अनुमान से अधिक खर्च नहीं बढ़ा है। इस दौरान विपक्ष के सदस्य एलपीजी की कमी के मुद्दे पर लगातार नारेबाजी करते रहे। चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान में सरकार ने कुल खर्च को 50.65 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से घटाकर 49.65 लाख करोड़ रुपये कर दिया था।

लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी तक सरकार 36.90 लाख करोड़ रुपये खर्च कर चुकी थी। सरकार ने पूरक अनुदान मांगों में एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण फंड बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, उर्वरक सब्सिडी के लिए 19,230 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए 23,641 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च की मंजूरी मांगी गई है। इसके साथ ही रक्षा मंत्रालय के लिए 41,822 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च का भी प्रस्ताव रखा गया है।

## सरकार का दावा- देश में तेल और गैस का संकट नहीं
## राज्यों को जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बीते दो हफ्ते से जारी बमबारी के बीच भारत में तेल और गैस संकट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश में पर्याप्त तेल और गैस के भंडार हैं, इसलिए चिंता करने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार ने कहा कि राज्य सरकारों को जमाखोरी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार ने क्या जानकारी दी? जानिए इस खबर में सरकार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे एलपीजी सिलेंडरों की घबराहट में खरीदारी (पैनिक बायिंग) न करें, क्योंकि देश में आपूर्ति की स्थिति नियंत्रण में है और मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ा दिया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देशभर में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

उन्होंने बताया कि ईंधन की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठा रही है।

## सराफा बाजार में दिखी गिरावट
## चांदी 5370 तक टूटी, सोना 720 सस्ता




**नई दिल्ली।** वैश्विक तनाव का असर सोने-चांदी की कीमतों में देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 5370 रुपये गिरकर 2.63 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 720 रुपये गिरकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

**घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमत :** ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में अलग-अलग रुझान देखने को मिला। सफेद धातु यानी चांदी की कीमत में तेजी दर्ज की गई, जबकि सोने के दाम में गिरावट आई। आंकड़ों के मुताबिक, चांदी की कीमत 1,500 रुपये या 0.54 प्रतिशत बढ़कर 2,76,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इसके विपरीत, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 400 रुपये गिरकर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

**डॉलर की मजबूती का असर :** विशेषज्ञों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है। जब डॉलर मजबूत होता है तो वैश्विक बाजार में सोना महंगा हो जाता है, जिससे निवेशकों की मांग घटती है और कीमतों में गिरावट देखने को मिलती है।

### महंगाई के आंकड़ों से बढ़ी अनिश्चितता

अमेरिका में जारी ताजा महंगाई के आंकड़ों ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। इन आंकड़ों के बाद यह संभावना बढ़ गई है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करने में जल्दबाजी नहीं करेगा। ऊंची ब्याज दरें सोने जैसी ऐसी संपत्तियों के लिए नकारात्मक मानी जाती हैं, जिन पर ब्याज नहीं मिलता।

### मुनाफावसूली से बढ़ा बिकवाली का दबाव

विश्लेषकों का कहना है कि पिछले कुछ समय में सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं। ऐसे में बड़े निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी है, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा और सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। वहीं औद्योगिक मांग और निवेशक रुचि के चलते चांदी की कीमतों में तेजी बनी हुई है।

# पश्चिम एशिया तनाव का असर, डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, टूटकर 92.37 तक गिरा




**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को गिरकर 92.37 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। कमजोर रुपये के पीछे वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में तनाव, मजबूत अमेरिकी डॉलर और विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बनी मजबूती और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा है। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.33 प्रति डॉलर पर खुला और थोड़ी ही देर में फिसलकर 92.37 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड इंट्रा-डे निचले स्तर तक पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर के मुकाबले 12 पैसे की गिरावट को दशार्ता है। गुरुवार को रुपया 92.36 के नए अंतर-दिवसीय निचले स्तर पर पहुंच गया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे गिरकर अपने सबसे निचले स्तर 92.25 पर बंद हुआ।

**बिकवाली का दिखा असर :** फॉरेक्स ट्रेडर्स के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर मजबूत अमेरिकी डॉलर, विदेशी संस्थागत निवेशकों (ऋक्क) की भारी बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुझान ने भी रुपये पर अतिरिक्त दबाव डाला है।

**वैश्विक तनाव से तेल की कीमतों में तेजी :** फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि ईरान द्वारा संकट के समाधान तक होर्मुज जलडमरूमध्य को स्थायी रूप से बंद करने की घोषणा के बाद तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं। डॉलर सूचकांक में भी वृद्धि हुई, जबकि यूरोपीय और एशियाई मुद्राओं में डॉलर के मुकाबले गिरावट आई। उन्होंने आगे कहा कि रुपया कमजोर बना हुआ है और आरबीआई की अनुपस्थिति में यह 93.00 के स्तर तक पहुंच सकता था। डॉलर सूचकांक, जो छह मुद्राओं की एक टोकरी के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.04 प्रतिशत बढ़कर 99.77 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 4.99 प्रतिशत बढ़कर 96.57 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

घरेलू शेयर बाजार की बात करें तो सेंसेक्स 560.06 अंक या 0.74 प्रतिशत गिरकर 75,474.36 पर आ गया, जबकि निफ्टी 184.45 अंक या 0.78 प्रतिशत गिरकर 23,454.70 पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को शुद्ध आधार पर 7,049.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ जो अब 100,000 तारों को पार कर चूका होंगा।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- हर घंटे Universe सभी दिशाओ में 1 billion miles से भी ज्यादा फैल जाती है। 2000 किमी दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर- तुम इतनी देर से स्कूल क्यों आए हो?
बच्चा- मम्मी-पापा लड़ रहे थे।
टीचर- वो लड़ रहे थे तो तुम क्यों देर से आए?
बच्चा- मेरा एक जूता मम्मी के पास और दूसरा जूता पापा के पास था।

चिंटू सुबह सुबह मंदिर गया...
बाबा- बेटा 10 रुपए दे दे...
चिंटू ने 10 रुपए दे दिए...
बाबा- बाबा तुझसे खुश हुआ बच्चा, मांग क्या मांगता है?
चिंटू- 20 रुपए दे दे, बाबा बेहोश।

टीचर- अस्पताल का क्या मतलब होता है?
छात्र- सर स्वर्ग की ओर जाने वाले रास्ते में जो टोल टैक्स आता है, उसे ही अस्पताल कहते हैं।

डॉक्टर- तुम गटर में कैसे गिर गए?
शराबी- बदकिस्मती है क्या बताऊं.. गटर का ढक्कन खुला था, मुझे लगा Social Distencing वाला गोला है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# किरण जॉर्ज का स्विस ओपन में सफर प्री क्वार्टर फाइनल में समाप्त, मन्नेपल्ली दूसरे दौर में पहुंचे

**बासेल।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज पुरुष एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए। इसी के साथ स्विस ओपन टूनामेंट में उनका सफर समाप्त हो गया। हालांकि, थारुन मन्नेपल्ली दूसरे दौर में पहुंचे



भारतीय शटलर किरण जॉर्ज स्विस ओपन बैडमिंटन टूनामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावन से हारकर बाहर हो गए, जबकि युवा थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंदी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए।

मन्नेपल्ली का सामना जस्टिन होह से होगा

भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली इस मैच में तब 16-21, 21-16, 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 24 वर्षीय मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला मलयेशिया के जस्टिन होह से होगा।

### मालविका बंसोड़ भी हारीं

इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ थाईलैंड की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से एकतरफा मुकाबले में 11-21, 15-21 से हार गईं। थाईलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ यह उनकी चौथी हार है।

भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के हिरोकी ओकामुरा और क्योहेई यामाशिता की जोड़ी से होगा।

# आरसीबी की बढ़ीं मुश्किलें
# आईपीएल में भी नहीं खेलेंगे जोश हेजलवुड



**बंगलूरू।** आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी की चिंता बढ़ सकती है क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड लंबे समय से क्रिकेट से दूर हैं। उनकी फिटनेस को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और सवाल उठ रहे हैं कि क्या वह टूनामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। इससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की योजनाओं पर असर पड़ सकता है।

**लंबे समय से क्रिकेट से हैं दूर**



ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटों के कारण लंबे समय से क्रिकेट से दूर हैं। एशेज और टी20 विश्व कप 2026 से बाहर रहने वाले हेजलवुड के आईपीएल 2026 में खेलने पर भी संशय है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हैमस्ट्रिंग और अकिलीज टेंडन की चोटों से जूझ रहे हेजलवुड अभी भी फिजियो की निगरानी में हैं और मेडिकल टीम से खेलने पर अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं। पूरी तरह फिट होने पर ही वह लीग का हिस्सा बन सकते हैं।

हेजलवुड अगर फिट नहीं होते हैं और आरसीबी के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो फिर आईपीएल 2026 में टीम की गेंदबाजी कमजोर हो जाएगी। पिछले सीजन हेजलवुड आरसीबी के लिए बेहद अहम खिलाड़ी साबित हुए थे। उन्होंने 12 मैचों में 22 विकेट लेकर टीम को चैंपियन बनाने में बड़ा योगदान दिया था। टीम लीग के 18वें सीजन में पहली बार विजेता बनी थी।

हेजलवुड को नवंबर में न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलते समय दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। इसी वजह से वह एशेज के पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे। इसके बाद उन्हें अकिलीज टेंडन की नई चोट का सामना करना पड़ा। इस चोट ने उन्हें पूरे एशेज से बाहर कर दिया और फिर वह टी20 विश्व कप से भी बाहर रहे। जोश हेजलवुड का आईपीएल करियर भी अंतरराष्ट्रीय करियर की तरह चोटों की वजह से प्रभावित रहा है। हेजलवुड ने 39 आईपीएल मैचों में 57 विकेट लिए हैं। पिछले सीजन भी वह चोट की वजह से कुछ मैचों से दूर रहे थे। हालांकि, नॉकआउट में वह पूरी तरह फिट थे और टीम से जुड़े थे। पिछले सीजन उनका इकोनॉमी रेट 8.77 का रहा था। हेजलवुड ने अब तक आईपीएल में कुल 39 मैच खेले हैं और 57 विकेट झटके हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 8.28 का रहा है।

# काव्या मारन की सनराइजर्स और अबरार विवाद पर बीसीसीआई की पहली प्रतिक्रिया

**मुंबई।** द हंड्रेड लीग में काव्या मारन की सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने पर विवाद बढ़ गया है। इस बीच बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि यह विदेशी लीग का मामला है और बोर्ड इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। सोशल मीडिया पर सनराइजर्स को लेकर बहस जारी है।





इंग्लैंड की फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग द हंड्रेड की नीलामी में पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को सनराइजर्स लीड्स द्वारा खरीदे जाने के बाद विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इस टीम का संबंध आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद से है, जिसकी मालिक काव्या मारन हैं। नीलामी के बाद सोशल मीडिया पर इस फैसले की आलोचना होने लगी और कई यूजर्स ने इसे लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

इस पूरे विवाद के बीच अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने साफ किया कि यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता क्योंकि यह एक विदेशी लीग से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे दायरे में नहीं आता। उन्होंने किसी विदेशी लीग के लिए यह फैसला किया है। अब इस पर वही लोग निर्णय लेंगे, हम कुछ नहीं कर सकते।'

### भारतीय मालिकाना हक वाली टीम ने खरीदा पाकिस्तानी खिलाड़ी

लंदन में हुई द हंड्रेड की पहली पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने अबरार अहमद को 1.90 लाख पाउंड (करीब 2.55 लाख यूएस डॉलर) में खरीदा। इसके साथ ही वह इस टूनामेंट में किसी भारतीय स्वामित्व वाली टीम द्वारा खरीदे जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए। बताया जा रहा है कि अबरार को खरीदने के लिए सनराइजर्स लीड्स और ट्रेंट रॉकेट्स के बीच कड़ी बोली लगी थी।

अबरार अहमद की खरीद के बाद सोशल मीडिया पर सनराइजर्स लीड्स की सह-मालकिन काव्या मारन को लेकर भी काफी चर्चा हुई। कुछ लोगों ने पिछले साल भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान अबरार से जुड़े कथित सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला देते हुए इस फैसले पर सवाल उठाए।

### सन टीवी समूह ने खरीदी थी फ्रेंचाइजी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय मीडिया समूह सन टीवी ने पिछले साल इस फ्रेंचाइजी का पूरा अधिग्रहण किया था। पहले यह टीम नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के नाम से जानी जाती थी। सन टीवी समूह ने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से 49 प्रतिशत और यॉर्कशायर से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदकर करीब 100 मिलियन पाउंड में इसे अपने नियंत्रण में लिया।

### आईपीएल में 2008 के बाद नहीं खेले पाकिस्तानी खिलाड़ी

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण 2008 के बाद से कोई भी सक्रिय पाकिस्तानी खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेला है। हालांकि दुनिया की अन्य टी20 लीगों में आईपीएल फ्रेंचाइजी से जुड़ी कई टीमों में पाकिस्तानी खिलाड़ी खेलते रहे हैं।

# 'कोई भी विश्वकप खेलने से नहीं रोक सकता'
## राष्ट्रपति ट्रंप के बयान पर ईरान फुटबॉल टीम का पलटवार

**तेहरान।** ईरान की फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दिया है। फीफा विश्व कप में भागीदारी को लेकर ट्रंप के बयान पर ईरान की फुटबॉल टीम ने बयान जारी किया है जिसमें ट्रंप को घेरा गया है।



ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अपनी जान और सुरक्षा के लिए उन्हें फीफा विश्व कप में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। ईरान की फुटबॉल टीम का कहना है कि कोई भी देश उन्हें विश्व कप में हिस्सा लेने से नहीं रोक सकता क्योंकि विश्व कप फीफा आयोजित करता है, कोई देश नहीं।

### क्या ट्रंप ने दी थी धमकी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर ईरान की टीम उत्तरी अमेरिका में होने वाले आगामी फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेती है, तो खिलाड़ियों की जिंदगी और सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। ट्रंप ने यह टिप्पणी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर की। उनका बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण ईरान की वर्ल्ड कप भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने लिखा, 'ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मौजूदा हालात में उनका वहां होना उचित है, क्योंकि उनकी जिंदगी और सुरक्षा को खतरा हो सकता है।'

### सोशल मीडिया पर किया पलटवार

ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, कोई भी ईरान को टूनामेंट से बाहर नहीं कर सकता। अमेरिका मेजबान है, अगर वह हिस्सा लेने वाली टीमों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता, तो उसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय इवेंट है। ईरान की राष्ट्रीय टीम, जिसमें ईरान के बहादुर बेटों की ताकत है, वो इस बड़े टूनामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीमों में से एक थी।

# टीम इंडिया ने अहमदाबाद में क्यों बदला था होटल: अंधविश्वास था या थी कोई और वजह

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप के दौरान अहमदाबाद में होटल बदलने का फैसला क्यों लिया, इसका खुलासा कप्तान सूर्यकुमार यादव ने किया। उन्होंने बताया कि टीम किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती थी। साथ ही उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम से जुड़े 'जिंक्स' को भी जीत के बाद खारिज कर दिया।



भारत ने तीसरी बार टी20 विश्वकप जीत लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल से पहले कई बातें कही जा रही थीं। सोशल मीडिया पर फैंस इसी मैदान पर 2023 के फाइनल में मिली हार को भी याद कर रहे थे। हालांकि, टीम इंडिया ने सभी बुरी यादों को पीछे छोड़ते हुए अहमदाबाद में जीत हासिल की और जीत की नई और खुशी देने वाली कहानी लिखी। हालांकि, अब खुलासा हुआ है कि टीम इंडिया भी अहमदाबाद की बुरी यादों से विचलित थी। इसी कड़ी में भारतीय टीम ने होटल भी बदला था। अब इसकी पूरी कहानी का खुलासा कप्तान सूर्यकुमार यादव ने किया है। सूर्यकुमार ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' से बातचीत में खुलासा किया कि किसी के सुझाव पर टीम ने अपना होटल बदल लिया था, ताकि जीत के लिए अपनी कोशिशों में कोई कसर न छोड़ी जाए। दरअसल, छह मार्च को यह बात सामने आई थी कि भारतीय टीम ने अहमदाबाद में अपना होटल बदल दिया है। इसके पीछे की वजह का खुलासा तब नहीं हुआ था।

हालांकि, ऐसा कहा गया कि टीम पहले जिस होटल में ठहरी थी, उसी दौरान भारत को दो बड़े मैचों में हार मिली थी। इनमें 2023 वनडे विश्व कप का फाइनल और इसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ का मैच शामिल है। इसी कारण टीम प्रबंधन ने फाइनल से पहले होटल बदलने का फैसला किया।

# सूर्यकुमार यादव ने किया संजू सैमसन के संघर्ष का किस्सा साझा

**मुंबई।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की जीत के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने संजू सैमसन के संघर्ष और शानदार वापसी का किस्सा साझा किया। शुरूआती मैचों में बाहर रहने के बावजूद सैमसन ने लगातार तीन अर्धशतक लगाए। सूर्यकुमार और हार्दिक पांड्या की टीम मीटिंग के बाद भारत के अभियान की दिशा बदल गई।





टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की जीत कई यादगार कहानियों से भरी रही। इनमें सबसे प्रेरणादायक कहानी दो विकेटकीपर बल्लेबाजों ईशान किशन और संजू सैमसन की रही। ईशान की जहां अचानक टी20 विश्वकप टीम में एंट्री हुई, वह संजू टूनामेंट की शुरूआत में प्लेइंग इलेवन तक में शामिल नहीं थे। हालांकि, टूनामेंट में दोनों का प्रदर्शन जबरदस्त रहा। सैमसन ने लगातार तीन अर्धशतक लगाकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें टूनामेंट का प्लेयर ऑफ द टूनामेंट भी चुना गया। अब सूर्यकुमार ने खुलासा किया है कि ईशान किशन की टीम में वापसी कैसे हुई थी। साथ ही कप्तान ने यह भी बताया कि सैमसन को उनके मुश्किल दौर में उन्होंने क्या नसीहत दी थी।

### सूर्यकुमार ने बताया सैमसन के साथ बातचीत

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि जब सैमसन टीम से बाहर थे, तब दोनों के बीच क्या बातचीत हुई थी। सूर्य ने बताया कि सैमसन खुद उनके पास आए थे और टीम में अपनी भूमिका के बारे में जानना चाहते थे।

**कैसे टीम इंडिया में हुई थी ईशान किशन की वापसी:** सूर्यकुमार ने इस बात का भी खुलासा किया है कि अचानक टीम इंडिया के रडार पर ईशान किशन कैसे आए। ईशान पिछले काफी समय से टीम से बाहर थे और उन्हें अचानक टी20 विश्वकप की टीम में चुना गया और इसके बाद ईशान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूरे टूनामेंट में अहम समय में उनका बल्ला चला और ईशान ने कई तूफानी पारियां खेलीं। सूर्यकुमार ने बताया, 'टूनामेंट शुरू होने से पहले जब मैं टीम का चयन कर रहा था, तो मैंने ईशान से बातचीत की थी।

मैंने उनसे पूछा था कि क्या आप मेरे लिए विश्वकप जीतोगे? इस पर ईशान ने मुझे जवाब दिया कि मुझ पर थोड़ा बहुत विश्वास दिखाओ और मैं जिताऊंगा। हमारी विश्वकप से पहले यही बातचीत हुई थी।' ईशान के संघर्ष पर बात करते हुए सूर्यकुमार ने कहा, 'ईशान ने हमें निराश नहीं किया।

### मुश्किल समय में कप्तान ने किया हौसला

सूर्यकुमार यादव ने कहा कि जब सैमसन प्लेइंग इलेवन में नहीं थे, तब उन्होंने उन्हें धैर्य रखने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा, 'जब वह नहीं खेल रहे थे, तब मैंने उनसे कहा कि यह कठिन दौर है लेकिन इसे स्वीकार करो। उन्होंने कहा, 'वह खुद को तैयार कर रहे थे कि अगर मौका मिला तो उसे पकड़ लेना है और पूरी दुनिया देखेगी।'

# 'मेरा बेबी अब सानिया का हुआ', भावुक हुईं सारा

**मुंबई।** सारा तेंदुलकर ने भाई अर्जुन की शादी के एक हफ्ते बाद भावुक पोस्ट साझा की। उन्होंने सानिया चंदोक के साथ उनकी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि 'मेरा बेबी ब्रदर अब सानिया का हो गया।' पोस्ट में सारा ने नवविवाहित जोड़े को ढेरों शुभकामनाएं भी दीं।





महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर, सानिया चंदोक के साथ शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दोनों की शादी पांच मार्च को हुई। हालांकि, भाई की शादी के सात दिन बाद सारा तेंदुलकर भावुक नजर आईं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं और अर्जुन और सानिया को लेकर कैप्शन भी लिखा है। सारा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं और लिखा, 'मेरा बेबी ब्रदर अब सानिया चंदोक का हो चुका है।'

सारा ने कैप्शन में आगे लिखा, 'ईश्वर करे कि ब्रह्मांड आप दोनों पर अनंत आशीर्वाद बरसाए, आपको समृद्धि दे, आपके दिल की हर इच्छा पूरी करे और आपकी बाकी जिंदगी के लिए आपको नजर से बचाकर रखे। आप दोनों से बहुत प्यार है। बिना किसी शक के, यह मेरी जिंदगी का सबसे खुशहाल दिन है! धन्यवाद अर्जुन तेंदुलकर, मुझे एक बहन देने के लिए।'

अर्जुन और सानिया ने गुरुवार पांच मार्च को सात फेरे लिए। शादी के समारोह में खेल जगत और बॉलीवुड के कई सितारे मौजूद रहे। शादी के बाद अर्जुन और सानिया मीडिया के सामने आए और तस्वीरें भी खिंचवाईं। वहीं, इसके बाद पूरा तेंदुलकर परिवार भी मीडिया के सामने आया। सचिन और उनकी पत्नी अंजलि भी बेटे की शादी पर खुश नजर आए। वहीं, सारा तेंदुलकर भी गुलाबी साड़ी में खूब जंचीं थीं।

### अर्जुन गोवा से खेलते हैं

अर्जुन तेंदुलकर ने घरेलू क्रिकेट में अपनी अलग पहचान बनाई है। मुंबई से करियर की शुरूआत करने के बाद वह गोवा के लिए एक अहम गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरे। लंबे कद के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज के रूप में उन्होंने 2022 में रणजी ट्रॉफी डेब्यू पर शतक लगाकर सबको चौंका दिया था। इस तरह उन्होंने अपने पिता की तरह अपने पहले प्रथम श्रेणी मैच में शतक जड़ने का कारनामा दोहराया। आईपीएल में वह पहले मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे, लेकिन हाल ही में उन्हें लखनऊ सुपर जाएंट्स ने ट्रेड के जरिए अपनी टीम में शामिल किया है।

### अगस्त 2025 में हुई थी सगाई

अर्जुन की शादी की रस्में इस हफ्ते की शुरूआत में कई पारंपरिक रस्मों और सेलिब्रेशन के साथ शुरू हुईं। मुंबई में मेहंदी और संगीत फंक्शन समेत शादी से पहले के इवेंट हुए, जिसमें कई पूर्व और मौजूदा क्रिकेटर शामिल हुए थे। महीनों की तैयारियों और सेलिब्रेशन के बाद पांच मार्च को अर्जुन ने अपनी लॉन्ग-टाइम पार्टनर सानिया चंदोक से शादी कर ली। कपल ने अगस्त 2025 में एक प्राइवेट सेरेमनी में सगाई की, जिसमें करीबी परिवार के सदस्य और दोस्त शामिल हुए थे।

# लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिग्गजों के साथ उतरे ऋषि, इंडिया टाइगर्स के साथ खेला पहला मैच



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के अनुभवी ऑलराउंडर ऋषि धवन वीरवार को लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिग्गजों के साथ मैदान पर उतरे। वीरवार को इंडिया टाइगर्स के साथ टीम का मुकाबला था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके कई दिग्गज खिलाड़ी एक बार फिर मैदान पर अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश के अनुभवी ऑलराउंडर ऋषि धवन वीरवार को लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिग्गजों के साथ मैदान पर उतरे। घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले चुके धवन इस लीग में रॉयल राइडर्स पंजाब की ओर से खेल रहे हैं। वीरवार को इंडिया टाइगर्स के साथ टीम का मुकाबला था। ऋषि ने 4 ओवरों में 43 रन दिए। टीम की कप्तानी श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर थिसारा परेरा के हाथों में है।

हिमाचल प्रदेश के लिए लंबे समय तक घरेलू क्रिकेट खेलने वाले धवन ने जनवरी 2025 में घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अपने करिअर में उन्होंने रणजी ट्रॉफी समेत कई घरेलू टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

### टीम में ये है खिलाड़ी

टीम में चितेश्वर पुजारा, ऋषि धवन, असगर अफगान, सीकुग्गे प्रसन्ना, मोहम्मद शहजाद, सामीउल्लाह शिनवारी, एंजेलो परेरा, चतुरंगा डी सिल्वा, अनुरित सिंह, आफताब आलम, मार्क डेयाल, सरुल कंवर, ट्रेवोन ग्रिफिथ, पवन सुयाल, अयान खान शामिल हैं।

### ये दिग्गज खिलाड़ी भी लेंगे भाग

इस लीग में कई अंतरराष्ट्रीय दिग्गज खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। इनमें क्रिस गेल, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायडू, तिलकरत्ने दिलशान, रॉस टेलर, बेन डंक, पीयूष चावला, जर्मेन ब्लैकवुड, हरभजन सिंह, मार्टिन गुप्टिल, दिनेश कार्तिक, सुरेश रैना शामिल हैं। रॉयल राइडर्स पंजाब की टीम अपने पांच लीग मुकाबले खेलेगी, जहां धवन दिग्गज खिलाड़ियों के बीच अपने अनुभव का दम दिखाते नजर आएंगे।




# डा. पर्व और डा. आरती का सगाई समारोह धूम धाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डा. पर्व और डा. आरती का सगाई समारोह गुरूवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मनोज गर्ग तथा नीलम गर्ग के सुपुत्र डा. पर्व का सगाई समारोह उम्मेद शर्मा की सुपुत्री डा. आरती के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। रूद्राक्ष पैलेस में आयोजित सगाई समारोह में दोनों ही पक्षों के गणमान्य लोग सम्मलित हुए। सभी गणमान्य लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया।




## मंत्री जी लगाते आग इससे पहले कोई और ही खेल गया होली वाला फाग

उस मौहल्ले में इस बार होली पर जाति बाहर आई है। इस बार होली पर आग कुछ ऐसी जगी है कि दिलों में कई महीनों तक सुलगेगी। सुना है कि हर बार मंत्री जी होलिका दहन करते थे। मंत्री जी ही गोवर्धन पूजा से लेकर हवन करते थे। जिस होलिका में मंत्री जी को आग लगानी थी उस होलिका में एक रात पहले ही आग लगा दी गई और अगले दिन फाग भी खेला गया। मंत्री जी को चीफ गेस्ट बनाने वालों को ये बात कतई रास नहीं आई और उन्होंने पुलिस को अपनी शिकायत दर्ज कराई। लेकिन उन्हें बुरा इस बात का लग गया कि हम मंत्री जी के सम्मान में दिन रात खड़े हैं और मंत्री जी यहां भी पोलिटिक्स की फिक्र कर रहे हैं। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि राजपूताना खेमे ने भी इस बार अंगड़ाई ली है। जो ठाकुर साहब हर साल साथ रहते थे अब वो भी दबी जुबान से ये कह गये हैं कि पर्व त्यौहार पर तो कम से कम उन्हें आगे मत लाओ जो यूजीसी में आते हैं। सब हैरान हैं कि इतने सालों के बाद ठाकुर साहब की जाति इसी होली पर क्यों निकल कर बाहर आई है। लगता है यूजीसी इफैक्ट है।

## उसने दे दिया है रिजाईन वो क्यों चैक कर रहा है कि सड़क बेड है या फाईन

फिल्मी स्टाईम में वो इस्तीफा तो जेब में रख कर ले गये और दे भी दिया। मगर उन्हें क्या पता था कि स्वीकार हो जायेगा। बहरहाल वो अब सदन से फ्री हैं लेकिन उनका जी है कि वार्ड की सेवा के बिना लग नहीं रहा। वार्ड का हाल ये है कि वहां 15 दावेदार अभी से जनसेवक होकर घूमने लगे हैं। इधर उनकी भी पल पल की अपडेट ली जा रही है। सुना है कि वार्ड की चिंता हुई तो बन रही सड़क की गुणवत्ता चैक करने वाले चले गये। जैसे ही ये खबर दूसरे दावेदारों को पता चली तो वो भी हैरान हो गये। एक ने कहा भी कि जब खुद इस्तीफा दे दिया तो फिर ये सड़कों की रोड़ी क्यों चैक करते घूम रहे हैं। दूसरे दावेदार ने कहा कि जब रिजाईन दे दिया है तो फिर सड़क बुरी बने या फाईन तो तुम्हें क्या लेना देना। यहां पर बजरिया वाले भाजपाई ने कहा कि भाई साहब यही तो असली पीड़ा है कि जनसेवा का ही कीड़ा है। अब वो सदन में रहें या ना रहें लेकिन सड़कों पर तो फिरेंगे ही। मौहल्ले में सड़क बन रही है तो उसे देखने में क्या हर्ज है।

# केजीबीवी वार्डन सशक्तिकरण प्रशिक्षण का प्रथम बैच सम्पन्न, प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की वार्डनों के सशक्तिकरण हेतु आयोजित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच (9 से 13 मार्च) का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण शिक्षा मंत्रालय एवं राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, गाजियाबाद के सभागार में आयोजित किया गया।

समापन समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद ओ.पी. यादव उपस्थित रहे, जबकि शिक्षा मंत्रालय से अंडर सेक्रेटरी राम निवास, राज्य परियोजना कार्यालय से वरिष्ठ अधिकारी सरिता तथा ढकएढअ के अन्य अधिकारियों ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और बिजनौर जनपदों की कुल 40 वार्डनों ने भाग लिया। ऑनलाइन संबोधन में शिक्षा मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी राम निवास ने कहा कि वार्डनों को शैक्षणिक योजनाओं के साथ-साथ वित्तीय योजनाओं की भी पूरी जानकारी होना आवश्यक है, ताकि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ छात्राओं तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को बधाई भी दी।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी वार्डनों को प्रमाणपत्र वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा गाजियाबाद कुणाल मुद्गल, बुलंदशहर की जिला समन्वयक रिचा राणा, कन्नौज से सुमित तथा जिला समन्वयक (एमआईएस) अनुज शर्मा ने मास्टर ट्रेनर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अलविदा जुमे की नमाज को लेकर रहा हाई अलर्ट, मस्जिदों पर तैनात रहा पुलिस बल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया है। पूरे शहर में पुलिस अधिकारियों द्वारा विशेष फ्राइडे अलर्ट लागू किया गया और प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र की मस्जिदों पर मौजूद रहने के लिए कहा गया था, ताकि नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की स्थिति उत्पन्न न हो। संवेदनशील और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया।

शहर की प्रमुख मस्जिदों के आसपास पुलिस की गश्त लगातार जारी रही और अधिकारियों द्वारा खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया गया। पुलिस का मुख्य उद्देश्य यह था कि नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरे जिले में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहती है और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। पुलिस की सक्रियता के चलते पूरे जिले में नमाज का कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## एलपीजी संकट के बीच कालाबाजारी का खुलासा

# प्रशासन ने छापा मार घर से 32 गैस सिलिंडर किए जब्त

**हापुड़।** देशभर में जहां लोग गैंस सिलिंडर लेने के लिए लोग परेशान हैं तो वहीं दूसरी तरफ आपदा में अवसर तलाशने वाले लोगों की कमी नहीं है। ताजा मामला उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से सामने आया है। जहां प्रशासन ने कालाबाजारी पर एक्शन लेते हुए एक घर से 32 गैस सिलिंडर जब्त किए गए।

हापुड़ की जिला पूर्ति अधिकारी सीमा बालियान ने इस कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने जिले की हर तहसील में विशेष टीमें गठित की हैं। ये टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही हैं। बीती रात करीब 9 बजे यह मामला सामने आया।

# संतोष हॉस्पिटल में 'क्लेफ्ट लिप व पैलेट' से पीड़ित बच्चों के लिए नि:शुल्क सर्जरी शिविर 26 से 28 मार्च तक




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर के संतोष हॉस्पिटल में सामाजिक सरोकार के तहत 'क्लेफ्ट लिप (कटा हुआ होंठ) एवं क्लेफ्ट पैलेट (कटा हुआ तालू)' से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष निःशुल्क सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 26 मार्च से 28 मार्च 2026 तक संतोष हॉस्पिटल परिसर में आयोजित होगा।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को इस जन्मजात विकृति से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शिविर में ऑपरेशन, दवाइयां और विशेषज्ञों की परामर्श सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

संतोष हॉस्पिटल के वाइस चांसलर डॉ. मनोज गोयल ने बताया कि कई बच्चे इस समस्या के कारण सामान्य जीवन नहीं जी पाते हैं। अस्पताल का उद्देश्य ऐसे जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचकर उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने इस सेवा कार्य में शामिल अंतरराष्ट्रीय स्तर के सर्जनों की टीम की सराहना की।

'लव विदाउट रीजन' संस्था के सहयोग से आयोजित यह शिविर पूरी तरह निःशुल्क है, ताकि किसी भी बच्चे का उपचार आर्थिक कारणों से प्रभावित न हो। प्लास्टिक सर्जन डॉ. अपराजिता ने बताया कि क्लेफ्ट लिप और पैलेट की सर्जरी से बच्चे के चेहरे की बनावट सुधरती है और उसे बोलने व खाने में होने वाली समस्याओं से भी राहत मिलती है। बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उर्मिला ने कहा कि सर्जरी से पहले और बाद में बच्चों की देखभाल के लिए पीडियाट्रिक विभाग पूरी तरह तैयार रहेगा। डॉक्टरों ने बताया कि यदि बच्चे के जन्म से ही ऊपरी होंठ में कटाव हो, तालू में छेद या दरार हो, या बोलते समय आवाज नाक से निकलती हो, तो ऐसे बच्चों का इस शिविर में उपचार कराया जा सकता है। शिविर का आयोजन संतोष हॉस्पिटल, नंबर-1 अंबेडकर रोड, पुराने बस स्टैंड के सामने, गाजियाबाद में किया जाएगा। इच्छुक अभिभावक निर्धारित तिथि से पहले पंजीकरण कराकर अपने बच्चों का उपचार करा सकते हैं।

# अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़, विदेशी नागरिकों से ओटीटी बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी



**नोएडा।** अमेरिका सहित विभिन्न विदेशी नागरिकों से विभिन्न टीवी चैनलों के ओटीटी प्लेटफॉर्म बेचने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने कंपनी के मालिक सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने कंप्यूटर, लैपटॉप आदि बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि निरीक्षक हरवीर सिंह और उनकी पुलिस टीम ने एक सूचना के आधार पर नोएडा सेक्टर -2 में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि मौके से पुलिस ने मोहसिन खान, नौशाद, सुनील, मोहम्मद शमी, सेफ राजा और इरफान को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग सी-66 सेक्टर -2 में एक अवैध रूप से कॉल सेंटर चला रहे थे। कॉल सेंटर के माध्यम से ये लोग अमेरिका व अन्य विदेशी नागरिकों को ओटीटी प्लेटफॉर्म बेचते थे, जिसमें प्रमुख रूप से अमेजॉन प्राइम, हॉटस्टार, नेटफ्लिक्स आदि कंपनियों की लाइव स्ट्रीमिंग सेवा। चैनल बिक्री करने के नाम पर ये लोग अमेरिका और अन्य देश के लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर लेते थे। उन्होंने बताया कि इस गैंग का सरगना मोहसिन खान है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इनके पास से 5 सीपीयू, एक लैपटॉप आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास डीओटी, ट्राई या किसी रेगुलेटरी अथॉरिटी का कोई लाइसेंस नहीं है।




# फिर बदलेंगे पुलिस कमिश्नरेट के समीकरण

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक बार फिर नवरात्र के बाद यहां के कमिश्नरेट के समीकरण बदलेंगे। पुलिस के सूत्रों ने बताया हैं कि एसीपी वाली लिस्ट आने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा तबादले होंगे। कई के प्लेस बदलेंगे, तो कहीं फेस भी बदले जाएंगे। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि सिटी से किसी को नदिया पार भेजा जाएगा, तो देहात से भी सिटी में किसी की एंट्री होगी। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से लखनऊ वाली डीसीपी हो गई है। उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से थाने पर आईपीएस अधिकारी को जाना था, इस लिस्ट को भी अभी आउट नहीं किया गया है। तो बताया जा रहा है कि तीन साल का समय बिताने वाले एसीपी साहब लोगों को भी अब जाने का आदेश आ जाएगा लेकिन लखनऊ वाले बता रहे हैं कि आदेश तो आ जाएगा, पर रवानगी की डेट अप्रैल माह में ही हो पाएगी। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के जोन और सर्किल में बदलाव होगा। तो इसका असर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में भी पड़ेगा। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में फिर कमिश्नरेट वाले नए अभियान शुरू होंगे और कुछ अधिकारी भी पुलिस कमिश्नरेट में आने के लिए लगे हुए हैं। तो बताया जा रहा है कि जिस तरीके से दो दिन गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस वाली परीक्षा है। इस परीक्षा में इस बार थ्री-स्टारों का जलवा देखने को मिलेगा। अधिकांश सेंटर्स पर थ्री-स्टार सेंटर औ कक्ष प्रभारी बनाए गए हैं। तो वह सारी व्यवस्था भी देख रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि अगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की इस लिस्ट में एडीसीपी स्तर के अधिकारियों को नहीं पोस्ट किया गया, तो आने वाले समय में पर उनकी पोस्टिंग पर ब्रेक लग सकता है। अब बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी के कार्यक्षेत्र बदलाव के बाद कुछ प्रभारी की टेंशन बढ़ेगी और उनको भी परेशानी उठानी पड़ सकती है। कुल मिलाकर देखना होगा कि मार्च और अप्रैल में अब क्या-क्या बदलाव होता यह देखना शेष है।




# पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया 20 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का लोकार्पण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के शक्ति खंड-3 स्थित तिकोना पार्क के पास क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो गई है। लगभग 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सीसी सड़क का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया। सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों को जलभराव और खराब रास्तों की समस्या से मुक्ति मिलेगी। उद्घाटन के दौरान पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि वार्ड का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए विकास कार्य इसी गति से जारी रहेंगे। प्रमुख उपस्थिति इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय निवासी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर मंडल मंत्री नूपुर अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि,प्रयाम सक्सैना धीरज शर्मा सोशल मीडिया प्रभारी, इंदिरापुरम ममता, नौटियाल आदि लोग मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने पार्षद और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के बनने से आवागमन सुगम होगा और धूल-मिट्टी की समस्या से भी राहत मिलेगी।

# बारात चढ़त के दौरान पैसे लूटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट 18 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या



**नोएडा ।** नोएडा में बारात चढ़त के दौरान दूल्हे के ऊपर न्यौछावर हुए पैसे को लूटने को लेकर हुए विवाद में सात युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसको आज मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। इस घटना में शामिल दो बाल अपचारी हैं। सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार रात को झुंडपुरा गांव में एक बारात आई थी। बारात चढ़त के दौरान बाराती दूल्हे और बैंड बाजा वालों पर पैसों की न्यौछावर कर रहे थे। पैसे लूटने के लिए कुछ बच्चे वहां पर आए थे।

इस दौरान न्यौछावर के पैसे लूटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ तथा रौनक, राज , आशीष, रिजवान आदि ने श्याम पुत्र संतोष उम्र 18 वर्ष

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Yogi Adityanath Office · Follow
9h ·

मुख्यमंत्री श्री MYogiAdityanath जी महाराज से आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार में माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण जी ने शिष्टाचार भेंट की।

Asim Arun



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री और गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कई विषयों को रखा। सोशल मीडिया पर मुलाकात की ये पोस्ट इसलिए भी खास रही क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल एकाउंट से इसे फेसबुक पर साझा किया। गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री की मुख्यमंत्री से मुलाकात की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पाकिस्तान ने दिया सऊदी अरब को पूरा समर्थन

## क्राउन प्रिंस से मुलाकात के लिए पहुंचे शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब का दौरा किया। उन्होंने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मिलकर सऊदी अरब को अपना पूरा समर्थन दिया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय शांति के लिए मिलकर काम करने और रक्षा समझौते के तहत एक-दूसरे की मदद करने पर सहमति जताई।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ एक विशेष बैठक की। यह मुलाकात जेद्दा में हुई। इस दौरान शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया के मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात में सऊदी अरब के लिए अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन दिखाया।

**क्या बोला पाकिस्तान**

यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद क्षेत्र में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रधानमंत्री के साथ उप-प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर भी जेद्दा पहुंचे थे। दोनों देशों के नेताओं ने क्षेत्र के ताजा घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए मिलकर काम करने का फैसला लिया। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पाकिस्तान हमेशा सऊदी अरब के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।



**पाकिस्तान के सामने बड़ी मुश्किलः** पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पिछले साल सितंबर में एक रक्षा समझौता हुआ था, जिसके तहत किसी तीसरे देश के हमले की स्थिति में दोनों देशों ने एक-दूसरे की रक्षा करने का वादा किया गया था। यह समझौता उस समय हुआ था जब इस्राइल ने कतर में हमास नेताओं पर हमला किया था।

अब ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव ने पाकिस्तान की भूमिका को अहम बना दिया है। पाकिस्तान के लिए यह स्थिति थोड़ी मुश्किल है क्योंकि ईरान उसका पड़ोसी है और उसके साथ भी पाकिस्तान के अच्छे संबंध हैं।

हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि पाकिस्तान जरूरत पड़ने से पहले ही सऊदी अरब की मदद के लिए तैयार रहेगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से भी फोन पर बात की थी। पाकिस्तान इस पूरे विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है।




### इससे पहले आसिम मुनीर ने भी किया था दौरा

इससे पहले, सात मार्च को पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भी सऊदी अरब का दौरा किया था। उन्होंने सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान से मुलाकात की थी। उस समय उन्होंने ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों से पैदा हुए सुरक्षा खतरों पर चर्चा की थी। दोनों देशों ने रक्षा समझौते के तहत इन हमलों को रोकने के उपायों पर बात की थी। पाकिस्तान उप-प्रधानमंत्री इशाक डार ने भी पिछले दिनों सऊदी और ईरानी विदेश मंत्रियों से कई बार बात की है। उन्होंने ईरान से आग्रह किया था कि वह सऊदी अरब पर हमला न करे। पाकिस्तान लगातार मुस्लिम देशों के नेताओं के संपर्क में है ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तान ने फिर की एयरस्ट्राइक, दोनों देशों में बढ़ा तनाव



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में पाकिस्तान और तालिबान के बीच तनाव बढ़ गया है। तालिबान प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान वायुसेना ने कंधार एयरपोर्ट के पास निजी एयरलाइन काम एयर के ईंधन डिपो पर हमला किया, जबकि खोस्त प्रांत में गोलाबारी में एक परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

अफगानिस्तान में पाकिस्तान और तालिबान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पाकिस्तान वायुसेना ने कंधार हवाईअड्डे के पास निजी एयरलाइन काम एयर के ईंधन डिपो पर हवाई हमला किया है।

मुझाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह कंपनी घरेलू एयरलाइनों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन उपलब्ध कराती है। उन्होंने पाकिस्तान पर पहले भी एक राष्ट्रीय व्यापारी हाजी खान जादाह के ईंधन भंडारण पर हमला करने का आरोप लगाया।

पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के अलीशेर-तेरेजाई जिले के कई इलाकों को भी निशाना बनाया। अफगान मीडिया टोलो न्यूज के अनुसार, तोपखाने की गोलाबारी में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

# ईरान के स्कूल पर हमले के पीड़ितों के लिए 2 लाख डॉलर की मदद देगा चीन

बीजिंग। चीन ने ईरान में बालिका विद्यालय पर हवाई हमले में मारे गए छात्रों के लिए 2,00,000 अमेरिकी डॉलर की आपातकालीन मानवीय मदद देने की घोषणा की। साथ ही उसने सभी नागरिक और गैर-सैन्य लक्ष्यों पर हमलों की निंदा की और युद्धविराम की अपील करते हुए ईरानी लोगों को समर्थन जारी रखने का आश्वासन दिया। पढ़ें रिपोर्ट-

पश्चिम एशिया में जंग जारी है। इस बीच, चीन ईरान की मदद के लिए आगे आया है। उसने हाल ही में बालिका प्राथमिक विद्यालय पर हवाई हमले में मारे गए छात्रों के लिए 2,00,000 अमेरिकी डॉलर की आपातकालीन मानवीय मदद देने की घोषणा की। अमेरिका और इस्राइल के शुरूआती हमलों के दौरान इस विद्यालय को निशाना बनाया गया था।

चीन के विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, चीन इस हमले में छात्रों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करता है। उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता है। उन्होंने कहा, चीन की रेड क्रॉस सोसायटी ने ईरानी रेड क्रेसेंट सोसासटी को 2,00,000 अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) की आपातकालीन मानवीय मदद देने का फैसला लिया है।

गुओ ने कहा, चीन सभी नागरिकों और गैर-सैन्य लक्ष्यों पर किए गए हमलों की निंदा करना करता है। उन्होंने कहा, विद्यालयों को निशाना बनाना और बच्चों को नुकसान पहुंचाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और मानव नैतिकता व अंतरात्मा की सीमाओं को पार करता है। उन्होंने कहा, चीन मानवीयता की भावना के तहत ईरान को जरूरी समर्थन जारी रखने को तैयार है, ताकि ईरानी लोग इन कठिन परिस्थितियों से उबर सकें।

### चीन ने तत्काल युद्धविराम का किया आग्रह

ईरान के करीबी सहयोगी चीन ने अमेरिका और इस्राइल के साथ जारी सैन्य संघर्ष और ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद से तत्काल युद्धविराम और सैन्य कार्रवाई को रोकने का आग्रह किया है। गुओ ने कहा, चीन सभी पक्षों से तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने, आगे बढ़ने से बचने और क्षेत्रीय अशांति से वैश्विक आर्थिक विकास पर असर को रोकने का आह्वान करता है।



### हमले में हुई थी 150 लोगों की मौत

संयुक्त राष्ट्र के एक मार्च के बयान के अनुसार, मिसाइलों ने दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में एक बालिका प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया, जिसमें लगभग 150 लोगों की मौत हुई और लगभग 100 घायल हुए। बताया जा रहा है कि मृतकों में कई छात्राएं शामिल हैं। ईरान ने इस हमले के लिए अमेरिका और इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेना की मध्य कमान (सेंटकॉम) ने इस घटना की रिपोर्ट की जांच कर रही है। जबकि इस्राइल की सेना ने कहा कि उन्हें उस क्षेत्र में आईडीएफ के किसी भी ऑपरेशन की जानकारी नहीं है। यह बालिका विद्यालय मिनाब में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के बेस के पास स्थित था। इस बेस को पहले भी निशाना बनाया जा चुका था।

# अमेरिकी युद्धपोत USS अब्राहम लिंकन पर ईरान का हमला, पोत को नुकसान होने का दावा

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा किया है। यह अमेरिका के सबसे ताकतवर युद्धपोतों में से एक है। हालांकि अमेरिका ने ईरान के दावे को खारिज कर दिया है। अमेरिका का कहना है कि ईरानी मिसाइलें युद्धपोत को छू भी नहीं पाईं।



अमेरिका को उम्मीद थी कि उसके हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद युद्ध शायद जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन ईरान ने जिस तरह से पलटवार किया है, उससे अमेरिका, पश्चिम एशिया में फंसता नजर आ रहा है। अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा किया है।

आईआरजीसी ने एक बयान में दावा किया है कि उनकी एक बैलिस्टिक मिसाइल ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। आईआरजीसी का कहना है कि इस हमले के चलते युद्धपोत काम करने की स्थिति में नहीं रह गया है और उसे खाड़ी जल क्षेत्र से पीछे हटना पड़ा है। हालांकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज कर दिया है।

**ईरान का क्या है दावा?**

ईरान ने एक बयान जारी कर कहा है कि एक सटीक मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। ईरान ने कहा है कि ओमान के जलक्षेत्र में युद्धपोत पर हमला किया गया, जो ईरान की समुद्री सीमा से करीब 340 किलोमीटर दूर है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले के बाद अमेरिकी युद्धपोत और उसका स्ट्राइक ग्रुप पीछे हट गया है। हालांकि इस दावे के पक्ष में ईरान के सरकारी मीडिया ने कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है। आईआरजीसी ने भी अमेरिकी युद्धपोत पर हमले का दावा किया है।

अमेरिका ने ईरान के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने यूएसएस अब्राहम लिंकन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप, ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में लगातार मदद कर रहा है।

# फिर निशाने पर दुबई, धमाके से इमारतें हिलीं और आसमान में छाया धुआं, हमले को किया गया नाकाम

**दुबई।** दुबई में शुक्रवार को फिर से धमाके हुए और आसमान में धुएं का गुबार देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने एक हमले को नाकाम किया है। इसका मलबा एक इमारत पर गिरने से उसे नुकसान पहुंचा है। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच दुबई में लगातार दूसरे दिन जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। शुक्रवार को तेज धमाकों की आवाज से शहर की कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान मध्य दुबई के एक हिस्से में आसमान में काले धुएं का घना गुबार देखा गया। चश्मदीदों के अनुसार, दो बड़े धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया।

**क्या बोला प्रशासन**

दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने एक हमले को सफलतापूर्वक बीच में ही रोक दिया।



इस कार्रवाई के दौरान हमले का मलबा एक इमारत के बाहरी हिस्से पर गिरा। अधिकारियों ने इसे एक मामूली घटना करार दिया है।

अच्छी बात यह है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और कोई घायल भी नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाकों के तुरंत बाद दुबई की मुख्य सड़क शेख जायद रोड पर सायरन की आवाजें गूंजने लगीं। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। यह घटना दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (DIFC) के पास हुई। धमाके और मलबे की वजह से इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है।

दुबई में लगातार दूसरे दिन ऐसी घटना हुई है। इससे पहले गुरुवार को भी अल बदा इलाके में ड्रोन से जुड़ी एक घटना सामने आई थी।

तब भी शहर के बीचों-बीच धमाकों की आवाज सुनी गई थी।

28 फरवरी को पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से खाड़ी क्षेत्र में तनाव बहुत बढ़ गया है। ईरान के हमलों की वजह से इस इलाके में अब तक 11 आम नागरिकों की मौत हो चुकी है। फिलहाल दुबई प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# इराक में अमेरिका का केसी-135 टैंकर विमान क्रैश, चालक दल के चार लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों के दौरान अमेरिकी वायुसेना का डउ-135 रिफ्यूलिंग टैंकर विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में छह क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें से चार की मौत की पुष्टि हो गई है।

अमेरिकी सेना ने बताया कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों का समर्थन कर रहा KC-135 रिफ्यूलिंग विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान में सवार छह चालक दल के सदस्यों में से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। हादसे के बाद बचाव अभियान जारी है।

### दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं

दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार रिफ्यूलिंग टैंकर आमतौर पर युद्ध क्षेत्र के पीछे सुरक्षित इलाकों में काम करते हैं, इसलिए इनके दुश्मन की गोलीबारी से गिरने की घटनाएं बेहद दुर्लभ होती हैं। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब पिछले सप्ताह तीन अमेरिकी F-15ए लड़ाकू विमान गलती से कुवैत की फ्रेंडली फायर में मार गिराए गए थे।

पश्चिम एशिया क्षेत्र की निगरानी करने वाली यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह दुर्घटना फ्रेंडली एयरस्पेस में दो विमानों से जुड़े एक अज्ञात घटना के बाद हुई। घटना में शामिल दूसरा विमान सुरक्षित लैंड कर गया।

यह ईरान के साथ जारी युद्ध के दौरान सार्वजनिक रूप से सामने आया अमेरिकी सेना का चौथा विमान हादसा है। KC-135 टैंकर विमान का इस्तेमाल लड़ाकू विमानों को हवा में ईंधन भरने के लिए किया जाता है, जिससे वे लंबे समय तक ऑपरेशन जारी रख सकें।

### केसी-135 से जुड़ी पिछली बड़ी दुर्घटनाएं

KC-135 विमानों से जुड़े कई घातक हादसे पहले भी हो चुके हैं। मई 2013 में किर्गिस्तान में एक KC-135फविमान टेकऑफ के बाद क्रैश हो गया था, जिसमें तीनों क्रू सदस्य मारे गए थे। जांच में पता चला था कि विमान के रडर में खराबी आने से वह नियंत्रण खो बैठा था। सबसे गंभीर दुर्घटना 1966 में स्पेन के पालोमारिस के पास हुई थी, जब परमाणु बम ले जा रहे B-52 बमवर्षक से KC-135 की हवा में टक्कर हो गई थी। इस हादसे में टैंकर विमान क्रैश हो गया और चार लोगों की मौत हुई, जबकि जमीन पर गिरे परमाणु हथियारों के कारण बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाना पड़ा था।

**KC-135 टैंकर विमान क्या है**

KC-135 अमेरिकी वायुसेना का एक प्रमुख एरियल रिफ्यूलिंग (हवा में ईंधन भरने वाला) विमान है, जो लड़ाकू और बमवर्षक विमानों को उड़ान के दौरान ईंधन देकर उन्हें लंबी दूरी तक मिशन जारी रखने में मदद करता है।

यह विमान 1960 के दशक से सेवा में है और इसका डिजाइन बोइंग-707 यात्री विमान पर आधारित है।

विमान में सामान्य तौर पर पायलट, को-पायलट और बूम ऑपरेटर सहित तीन सदस्यीय क्रू होता है। पीछे की ओर स्थित बूम ऑपरेटर एक विशेष फ्यूल बूम के जरिए दूसरे विमानों से जुड़कर उन्हें ईंधन देता है। कुछ मिशनों में यह विमान घायलों की मेडिकल इवैक्यूएशन या निगरानी कार्यों में भी इस्तेमाल किया जाता है।

अमेरिकी वायुसेना के पास पिछले साल तक लगभग 376 KC-135 विमान थे, जिनमें सक्रिय ड्यूटी, एयर नेशनल गार्ड और रिजर्व यूनिट शामिल हैं। हालांकि इन पुराने विमानों को धीरे-धीरे नई पीढ़ी के KC-46अ पेगासस टैंकरों से बदला जा रहा है।

# ईरान को अमेरिका की खुली धमकी, डोनाल्ड ट्रंप बोले- आज देखना इन पागलों का क्या हाल होता है

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर ईरान को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायुसेना और मिसाइल-ड्रोन क्षमताओं को नष्ट किया जा रहा है और कई नेता भी मारे गए हैं। आइए विस्तार से जानते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर एक बार फिर तीखी चेतावनी दी है। ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि देखते रहिए आज इन पागलों के साथ क्या होता है। अपने पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने लिखा कि ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है, वायुसेना भी अब नहीं रही और उसके मिसाइल, ड्रोन व अन्य सैन्य संसाधनों को नष्ट किया जा रहा है। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान के कई नेता भी मारे जा चुके हैं। ट्रंप ने अपने संदेश में ईरान पर पिछले 47 वर्षों से दुनिया भर में निर्दोष लोगों की हत्या करने का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा कि उन्होंने 47 साल तक दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मारा है और अब मैं, अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति, उन्हें खत्म कर रहा हूं। यह मेरे लिए बड़ा सम्मान है।



### अमेरिका ने रूस से तेल खरीद की दी अस्थायी ढील

अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने नोटिस जारी कर जानकारी दी कि 12 मार्च को सुबह 12.01 बजे या उससे पहले जहाजों पर लादे गए रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित लेनदेन की अनुमति दी गई है, और यह आदेश 11 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला उस समय आया है जब बीते 14 दिनों से अमेरिका और इस्राइल का ईरान पर जारी भीषण हमला और जवाबी कार्रवाई के रूप में ईरान की ओर से इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर की जा रही बमबारी ने पूरे पश्चिम एशिया में तनाव को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है, जिसके चलते दुनियाभर में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं।

**मोजतबा की धमकी के बीच ट्रंप की प्रतिक्रिया**

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इस्राइल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया। बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और अमेरिका के ठिकानों पर हमले जारी रहेंगे।




नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | शनिवार • 14 मार्च -2026






# गाजियाबाद में गैस आपूर्ति पर्याप्त

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाईः डीएम

### जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर होगी कानूनी कार्यवाही

### अफवाहों के कारण सर्वर पर बढ़ा लोड, शीघ्र होगा समस्या का निस्तारण





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ और एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर राज करन नैय्यर की अध्यक्षता में जनपद में गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला आपूर्ति अधिकारी अमित तिवारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में गैस सिलेंडर और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में फैली अफवाहों के कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा एक साथ गैस सिलेंडर बुकिंग कराई जा रही है, जिससे सर्वर पर अधिक लोड पड़ने के कारण तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई है। प्रशासन के अनुसार एक-दो दिनों में सर्वर सामान्य होने के बाद बुकिंग और वितरण प्रक्रिया फिर से सुचारु हो जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 96 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनके माध्यम से करीब 12 लाख घरेलू गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। प्रतिदिन लगभग 20 हजार घरेलू गैस सिलेंडर रिफिल का उपयोग होता है और सभी एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके अलावा जिले में करीब 3.50 लाख घरेलू पीएनजी और 1500 व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन सक्रिय हैं, जिनकी आपूर्ति भी नियमित रूप से जारी है। प्रशासन ने गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए बुकिंग प्रक्रिया में आंशिक बदलाव किया है। अब शहरी क्षेत्रों में दो सिलेंडरों की बुकिंग के बीच 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतराल निर्धारित किया गया है। साथ ही सभी उपजिलाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस और आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं, जो जमाखोरी या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगी।

जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की कि गैस बुकिंग कराने के बाद गैस एजेंसी पर जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सिलेंडर पहले की तरह घर पर ही वितरित किए जाएंगे। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 0120-3761964 जारी किया है।

वहीं एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर ने भी नागरिकों से गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने और अफवाहों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि कहीं भी असुरक्षा या अव्यवस्था की स्थिति होने पर तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दें।

# जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

## पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचेः नरेंद्र कश्यप



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजय नगर स्थित जल निगम गेस्ट हाउस में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में जनपद में संचालित विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं तथा विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नन्दकिशोर कलाल तथा मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री ने जनपद में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं, आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि जनपद के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, बैठक के दौरान मंत्री ने जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद के समग्र विकास को और गति दी जाए, जिससे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ आम नागरिकों तक पहुंच सके।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? बहुत सारे फैसले हुए शुक्रवार की सुबह और रात? सुना है संगठन के बड़े चेहरे ने दिल्ली जाकर की गर्ग साहब से मुलाकात? मुलाकात में क्या हुआ ये तो बना हुआ है राज? जो भी है निभाने वाले ने निभाया तो है अपना फर्ज? सच बतायें ये मुलाकात भी होने वाली है इतिहास में दर्ज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये दुनिया वाले पूछेंगे मुलाकात हुई क्या बात हुई? तब इस सवाल पर करा देना आप उनको अहसास? बता देना संगठन तो अपनी जगह ठीक है? मगर यहां तो नामित और बोर्ड पर भी चर्चा हो गयी है बेहिसाब? पता चला है इस वाले मैटर में ज्यादा नहीं मिला है किसी को टाईम? कहने वाले ने कहा देखना कुछ जनप्रतिनिधियों की नाराजगी भविष्य में दिखाई दे सकती है? उन्हें लग रहा है करने वाले ने नहीं किया उनके साथ मामला फाईन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यहां जब नहीं बैठे उनके और जनप्रतिनिधियों के बीच के आपस के तार? सुना है फिर यहां पर जनप्रतिनिधियों ने सौंप दिये उन्हीं को सारे अधिकार? कहा अब आप जो चाहें वो फैसला है हमको मंजूर? अब हम आपको इस मैटर में कुछ भी नहीं कहेंगे हुजूर? कहने वाले ने कहा ये कहकर दोनों अपनी गाड़ी में हो गये सवार? चार के चक्कर में चालिस से नाराजगी लेने को नहीं थे दोनों तैयार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यहां कौन चल रहा है डाल-डाल और कौन चल रहा है पात-पात? इस बात पर बिठाया हुआ है बैठाने वालों ने पहरा? पता चला है जैसे ही आया लखनऊ से पैगाम? शुक्रवार की शाम को ही डाल दिया भगवा कमान्डर ने लखनऊ में डेरा? कहने वाले ने कहा वो तैयार करते रहे बड़े बड़े नेताओं से मिलकर पूरा मसौदा? कराया सभी को अहसास? मेरे पास ही है सच्चा सौदा? उन्होंने यहां पर अपने खास चेहरों की जमकर कर दी पैरवी मौजूद? देखना सिफारिश असर दिखा गयी तो संगठन में दिखाई देगा उनके प्रिय चेहरों का वजूद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपको मैं बता रहा हूं एक और अंदर की बात? बोर्ड में भेजे जाने हैं चेहरे खास? चर्चा है कि बोर्ड में भेजे जाने हैं पूर्व प्रेजिडेंटों और महामंत्रियों के नाम? इसके अलावा जो रहे हैं वाईस प्रेजिडेंट और मंत्री वाले पदों पर? ऐसे चेहरों का निकाला जायेगा नामित वाली व्यवस्था में समाधान? कहने वाले ने कहा आज या कल में घोषित हो सकते हैं ये वाले भी नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात आपको बता रहे हैं यार? मिस्टर खेमका को प्राधिकरण के सुपरवाईजर ने परेशान किया हुआ है लगातार? सुना है वो अपने दर्द की बता रहे हैं हर जगह वजह? कह रहे हैं अपनी ही सरकार में हो रही है हमारी अनदेखी? हमको तो नहीं आ रहा है बिल्कुल भी मजा? देने वाले ने फिर दी उनको राय? कहा आप को कोई काम कराना है तो बड़े अधिकारियों से बात कर लें? यूं ना हों दुखी, यूं ही ना सुपरवाईजर के फेर में आयें?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था नदियापार वाले त्यागी जी के पास? हैवी वेट वालों को लेकर उनके सेम टू सेम थे कसाना जी की तरह अहसास? कह रहे थे हमें तो नहीं सुनाई दे रही मंत्री जी की ओर से अपनी सिफारिश की खनक? खूब टटोल लिया है, वो लगने ही नहीं दे रहे हैं भनक? त्यागी जी ने कहा मिल जाये हमें कोई मजबूत पद? तो राजनीति में मजबूत हो जाये हमारी भी हनक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के भगवा मैम्बर नरेश भाटी के साथ ना जाने क्या हो रही है घटना? जैसे ही वो लगाते हैं अपना नाम वाला होर्डिंग? वैसे ही वो किसी को लगने लगता है खटकना? सुना है उन्होंने जो गली के बाहर ऊपर की हाईट पर लगाया था अपना नाम वाला बोर्ड? उस बोर्ड को भी किसी ने तोड़ दिया यार? कहने वाले ने कहा कि हमने देखी नहीं आजतक ऐसी मौहब्बत? पता तो चले कौन कर रहा है मिस्टर भाटी को इतनी शिद्दत से प्यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर आपके मन में है अयोध्या जाने की आस्था? सच बता रहे हैं हैवी वेट वाले बना देंगे आपके लिए रास्ता? कर देंगे वो आपके दर्शनों को आसान? एक ही फोन से हो जायेगा काम? उनके प्रिय हरीश जी कर रहे हैं कुछ ऐसा ही गुणगान? कह रहे हैं चालिस लोग गाजियाबाद से अयोध्या गये थे? हैवी वेट वालों ने एक फोन से कर दिये थे इनके दर्शन आसान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन की घोषणा का अगर मैं आपको बताऊं निचोड़? तो फिर यहां पर मामला योद्धा का ही दिख रहा है हमको बेजोड़? वो जो चाहते थे वैसा ही हो रहा है यार? सक्रिय चेहरों को मिलता हुआ दिख रहा है किरदार? कहने वाले ने कहा उन्होंने अब तक अपनी पसंद को दिल में दबाया हुआ है? जिसकी वजह से उनके खास चेहरों की धड़कन बढ़ गयी है यार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# क्यों बंद हो गयी नगर निगम की हाउस टैक्स वाली वेबसाईट से एक सुविधा : हिमांशु मित्तल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम के हाउस टैक्स वाला मामला शांत नहीं हो रहा है। लखनऊ से लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट तक ये मामला गूंजा है। निगम की पूरी बोर्ड बैठक इस पर फोकस रही है।

अब मेयर सुनीता दयाल ने लखनऊ से लौटकर ये एलान कर दिया कि पुरानी दरों पर ये टैक्स वसूला जायेगा। पुरानी और नयी दरों के बीच एक नया सीन निगम की वेबसाईट को लेकर सामने आ गयाहै। निगम की वेबसाई बंद हो गयी है और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल इसे लेकर आशंका जता रहे हैं।

नगर निगम की वेबसाईट पर ये सुविधा थी कि वहां किसी भी भवन का हाउस टैक्स देखा जा सकता था। इससे यह भी पता चल जाता है कि किन राजनीतिक हस्तियों ने हाउस टैक्स जमा नहीं कराया है। इससे आम आदमी को ये सुविधा थी कि वो ऑनलाईन ही अपना हाउस टैक्स देख सकते हैं और उसे जमा करा सकते हैं। हिमांशु मित्तल का दावा है कि नगर निगम में हम अपने अलावा किसी ओर का हाउस टैक्स अब नहीं दे पा रहे है। जिस वजह से टैक्स का कम्पेरिजन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कंरट क्राइम से बातचीत में बताया कि एक महीने पहले ये वेबसाईट पर ये सुविधा चल रही थी और इस वेबसाईट पर जाकर कोई भी व्यक्ति निश्चित जानकारी के बाद भवन का हाउस टैक्स देख सकता है। उन्होंनें कहा कि रहस्यमयी ढंग से ये सुविधा बंद कर दी गयी है। ये पता नहीं चल रहा है।

उन्होंने इसे लेकर आशंका जताई और कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी भवन का हाउस टैक्स देख सकता है तो फिर इसमें क्या नुकसान है। आखिर ऐसा क्या है कि निगम की इस साईट पर हाउस टैक्स दिख नहीं रहा है। क्यों से सुविधा बंद की गयी है। आखिर हाउस टैक्स को सब क्यों नहीं देख सकते। उन्होंने इसे लेकर एक साजिश की आशंका जताई।

# नगर निगम की किराया वृद्धि का फैसला अनुचित, पुनर्विचार जरूरीः राजेश लोहिया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की 1702 दुकानों के किराया प्रकरण में किराया बढ़ाने के निर्णय पर पूर्व मंत्री राजेश लोहिया ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम बोर्ड द्वारा लिया गया किराया वृद्धि का फैसला छोटे दुकानदारों के लिए उचित नहीं है और इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। राजेश लोहिया ने सामाजिक संस्थाओं से भी इस मुद्दे पर आगे आने की अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार शहर की संस्थाओं ने हाउस टैक्स के मामले में अपनी आवाज उठाई थी, उसी तरह छोटे दुकानदारों के हित में भी सहयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में दुकानदारों को जनप्रतिनिधियों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला और कुछ लोगों से बातचीत कर प्रस्ताव तैयार कर सदन में रख दिया गया, जिससे अधिकांश किरायेदार असंतुष्ट हैं।

उन्होंने किराया निर्धारण के तरीके पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि 57 फीट की दुकान का किराया 3010 रुपये और सामने 1020 फीट की दुकान का किराया 4000 रुपये तय किया गया है, जिससे यह स्पष्ट नहीं होता कि किस मापदंड के आधार पर किराया निर्धारित किया गया है।

राजेश लोहिया ने सुझाव दिया कि स्वर्गीय दिनेश चंद्र गर्ग के समय लागू की गई स्क्वायर फीट पद्धति को फिर से लागू किया जाए। इससे किराया निर्धारण में पारदर्शिता आएगी और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य व्यवस्था बन सकेगी। उन्होंने सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की अपील की।

# ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 में गाजियाबाद टॉप-24 शहरों में शामिल

## गाजियाबाद का विश्व स्तर पर बढ़ा सम्मान, पार्षदों ने नगर आयुक्त को दी बधाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 में गाजियाबाद नगर निगम को बड़ी उपलब्धि मिली है। विश्व के 24 शहरों में गाजियाबाद को भी शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के बाद नगर निगम मुख्यालय में पार्षदों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का पुष्प गुच्छ और पौधा भेंट कर सम्मान किया तथा शहर को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर पार्षदों ने कहा कि प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट के माध्यम से शहर को नई पहचान मिली है। इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम के सहयोग से नगर निगम को 1 मिलियन डॉलर की अवार्ड राशि प्राप्त होगी, जिससे शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

नगर निगम मुख्यालय पहुंचे पार्षदों ने गोबर से बनने वाले प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार और नई पहचान भी मिल रही है।

इस मौके पर पार्षद राजीव शर्मा, शीतल देओल, देवनारायण शर्मा, वीरेंद्र त्यागी, नितिन, नीरज गोयल और राजकुमार नागर सहित अन्य पार्षदों ने नगर आयुक्त तथा निगम अधिकारियों का सम्मान किया और शहर की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महापौर और नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम ने यह सफलता हासिल की है जो शहर के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के दौरान शहर के कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# एमएनसी नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा, तीन गिरफ्तार



**नोएडा।** देश-विदेश की मल्टी नेशनल कंपनियों (एमएनसी) में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश करते हुए थाना बिसरख पुलिस ने 3 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से कंप्यूटर, 6 कूटरचित जाब ऑफर लेटर विभिन्न कम्पनी के, 3 मोबाइल फोन तथा 76 सौ रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त एमएनसी कंपनियों में अच्छे पैकेज पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर लोगों को सालाना पैकेज का लालच देकर ठगी करते थे। इस संबंध में एक पीड़ित द्वारा थाना बिसरख पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ने दर्ज मुकदमे के आधार पर मामले की जांच के दौरान आज गोपनीय सूचना के आधार पर अभियुक्त विकास डाबर, अरुण कुमार तथा वैभव कुमार को इटेड़ा गोल चक्कर के पास सर्विस रोड़ से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि अभियुक्त विकास डाबर मूल रूप से हिसार हरियाणा का रहने वाला है, जो विदेशी कम्पनी उस हेल्थ केयर में क्लैम सेटल का कार्य करता है। इसके साथी वैभव कुमार व अरुण कुमार भी पूर्व में MNC कंपनियों में नौकरी कर चुके है जिनके द्वारा MYWORKDAYJOBS.COM पर अपनी प्रोफाइल बना रखी है, जिसके माध्मय से ये लोग नौकरी तलाश कर रहे लोगो का डाटा प्राप्त कर उनसे सम्पर्क करके नामी कंपनी मल्टी नेशनल कंपनियों में नौकरी का प्रलोभन देकर कुल सालाना पैकेज के अनुरुप अपना हिस्सा (प्रतिशत) तय करके टोकन मनी के रूप में आंशिक रकम अपने खातों में ट्रान्सफर करा लेते है तथा MAILHOSTINGR.COM U GOOGLE ACCOUNT प्लेटफार्म पर नामी टठउ कंपनियों के समान ई-मेल आईडी CREATE कर अपने कम्प्यूटर से सम्बन्धित कम्पनी का ऑफर लेटर हेड सहित तैयार कर Joinning Date अंकित कर मेल के माध्यम से अभ्यर्थी को भेज देते है। जिससे अभ्यर्थियों को यकीन हो जाता है तथा विश्वास कर वो बाकी तय रकम ऑनलाइन अभियुक्तों के बताये गए खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। उन्होंने बताया कि जब अभ्यर्थी वआवेदक के द्वारा सम्बन्धित कम्पनी पर जाकर अपनी नौकरी के सम्बन्ध जानकारी की जाती है।

# न्योछावर के पैसे को लेकर हुआ विवाद, किशोर की चाकू मार कर हत्या




**नोएडा।** झुंडपुरा के बारात घर में बृहस्पतिवार देर रात शादी के दौरान न्योछावर के पैसे को लेकर हुए विवाद में एक किशोर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मामले में कोतवाली सेक्टर-24 पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो नाबालिगों को भी अभिरक्षा में लिया गया है। वहीं, वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, मजदूरी करने वाले सेक्टर-11 निवासी लक्की बाथम का 17 वर्षीय बड़ा बेटा श्याम अपने छोटे भाई के साथ बृहस्पतिवार को झुंडपुरा में एक बारात में गए थे। दोनों भाइयों के साथ सेक्टर-11 के ही दो किशोर समेत आसिफ उर्फ अत्थी, तौसीफ, सुदामा, सरफराज भी गए थे। शादी में चढ़त के दौरान न्योछावर के पैसे सभी ने लूटे।

श्याम और उसके भाई का एक किशोर से लूटे पैसे के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। किशोर ने दोनों भाइयों पर अधिक पैसे लेने का आरोप लगाया था। किशोर ने आसिफ, तौसीफ, सुदामा, सरफराज समेत अन्य के साथ जब इसका विरोध किया तो श्याम और आसिफ में हाथापाई हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि आसिफ ने गुस्से में श्याम पर चाकू से हमला कर लहुलूहान कर दिया। आनन-फानन में श्याम को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता की शिकायत पर आसिफ उर्फ अत्थी, रौनक, तौसीफ, सुदामा, सरफराज समेत दो नाबालिगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुदामा, रौनक, आसिफ उर्फ अत्थी, तौसीफ और सरफराज बिहार के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। तौसीफ और सरफराज दोनों भाई हैं।

सभी लोग नोएडा में रहते हैं। आरोपियों के पास से शादी के दौरान बटोरे गए 1770 रुपये बरामद किए गए हैं। एडीसीपी ने बताया कि शुक्रवार को श्याम का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### शादियों में न्योछावर के पैसे लूटने जाते थे आरोपी

पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी आसपास की शादियों में न्योछावर के पैसे लूटने जाते हैं। वहीं इस घटना के बाद सभी आरोपी बिहार भागने की फिराक में थे। ट्रेन की टिकट लेने की तैयारी भी कर चुके थे, लकिन इससे पहले ही पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया। घटना के बाद शुक्रवार को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के घर में सन्नाटा पसरा हुआ है।

